नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्षः -16 ◆ अंकः 116 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, बुधवार 28 फरवरी 2024

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in




पेज -4 पर

साजा क्षेत्र सी.सी. रोड निर्माण कार्य के लिए 93.66 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति



पेज -8 पर

दीया दिल्ली के वार्षिक आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे-वित्त मंत्री ओपी चौधरी

# बोरो रेंज में हो रही वनों की अवैध कटाई, विभागीय अधिकारी मौन

## शिकायत के बाद भी नहीं होती अवैध कटाई करने वालों पर कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

**धरमजयगढ़ वन मंडल के बोरो रेंज क्षेत्र में अधिकारी-कर्मचारियों की लापरवाही के कारण आये दिन क्षेत्र में अवैध तरीके से वन संपदाओं का दोहन का सिलसिला जारी है, और इस पर लगाम लगाने वाला इस वनमंडल में शायद कोई नहीं है**



**कहीं वन रक्षक की मिली भगत से तो नहीं हो रही वन संपदाओं की तस्करी?**

जिसके कारण लगातार वन संपादाओं का दोहन हो रहा है। बोरो रेंज के अधिकारी-कर्मचारियों की मिली भगत से तस्करों द्वारा बलपेदा जंगल से आये दिन पहाड़ तोड़कर पत्थर का उत्खनन कर रहे हैं और इसकी शिकायत करने पर रेंजर किण्डो तस्कर को बचाने के लिए उनका पक्ष बड़े ही मजबूती के साथ रखते हैं क्योंकि पहाड़ तोड़कर जो पत्थर निकाल रहे हैं उस पत्थर से ठेकेदार वन विभाग द्वारा निर्मित डैम का निर्माण कर रहे हैं। जबकि शासन के नियमानुसार ठेकेदार को पत्थर बाहर से खरीद कर लाना है न कि पहाड़ को तोड़कर, लेकिन ठेकेदार द्वारा जो पहाड़ तोड़कर पत्थर निकाल रहे हैं इसकी जानकारी वन विभाग के छोटे से कर्मचारी से लेकर बड़े अधिकारी को है। इससे तो ऐसा लगता है कि वन विभाग की मिली भगत से ही इस अवैध काम को अंजाम दिया जा रहा है।

**खेत बनाने के लिए ग्रामीण काट रहे सैकड़ों ईमारती पेड़, वन विभाग के जमीनी अमला को खबर तक नहीं**

### जानिए: क्यों काट रहे ग्रामीण बड़े-बड़े पेड़

बोरो रेंज में सिर्फ अवैध उत्खनन ही नहीं हो रही है, इस रेंज में तो अवैध तरीके से जंगल को साफ करने का सिलसिला भी जारी है। आज हम बात कर रहे हैं बोरो रेंज के सिरकी गांव की इस गांव के जंगल में अंधाधुन अवैध तरीके से बड़े-बड़े ईमारती पेड़ों की बली चढ़ाई जा रही है, और वन विभाग के ना तो रेंज को इसकी खबर है और ना ही वन रक्षक को, जंगल को देखने से तो लगता है कि लंबे समय से इस जंगल में पेड़ों की कटाई की जा रही है। जबसे छत्तीसगढ़ सरकार ग्रामीणों को वन अधिकार पट्टा देने का ऐलान किया है तब से जंगल की कटाई अधिक हो रही है। शासन के नियम अनुसार 75 साल से काबिज लोगों को ही वन अधिकार का पट्टा जारी करना है लेकिन धरमजयगढ़ वन मंडल में इस नियम का कोई मायने नहीं रखता है, जिसका नतीजा है कि ग्रामीण वन अधिकार पट्टा पाने के लिए जंगल को साफ कर दे रहे हैं। सिरकी गांव में ग्रामीणों द्वारा सैकड़ों पेड़ को काट डाले हैं तो वहीं कई एकड़ को कब्जाने के लिए बड़े -बड़े वृक्ष को काटने की तैयारी कर रहे हैं, ग्रामीणों ने सैकड़ों बड़े-बड़े वृक्ष मर जाये इसलिए नीचे से वृक्ष की छाली को पूरी तरह से कांट कर साफ कर दिया है ताकि पेड़ सुख जाये और उसे काट कर फेंक दे ताकि वन विभाग को लगे के पेड़ मर चुका है। वास्ताविक में पेड़ को सुखाने के लिए ग्रामीणों ने इसकी छाली को निकाल दिया है। मजेदार बात है कि कई-कई एकड़ जंगल कटकर साफ हो जा रहे हैं और इनके वन रक्षक को मालूम न हो ऐसा हो नहीं सकता है। इतनी अधिक मात्रा में तभी वनों की कटाई हो सकती है जब विभागीय अधिकारी-कर्मचारी की मिली भगत हो?

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

### क्या होगी अवैध कटाई पर कार्यवाही?


*वन विभाग में हो रही अवैध उत्खनन व अवैध पेड़ कटाई के बारे में जब धरमजयगढ़ डीएफओ जोगावत से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि पत्थर के मामले में हमने जांच के आदेश दे दिये हैं आप लोग एसडीओ फारेस्ट से जानकारी ले लीजिए, पत्थर उत्खनन करने वालों पर पीआर काटा गया है। तो वहीं बोरो रेंज में हो रही अवैध कटाई के संबंध में डीएफओ ने बताया कि मैं इसकी जांच करवाता हूं। अब देखना होगा की जांच होता है या नहीं और अगर जांच होता है तो फिर कार्यवाही के नाम पर क्या करते हैं?*





रामदेव बाबा को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका

# पतंजलि के विज्ञापनों पर लगाई सुको ने रोक



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आज पतंजलि आयुर्वेद के भ्रामक और झूठे विज्ञापनों के मामले में बड़ी कार्रवाई की है. कोर्ट ने कंपनी के विज्ञापनों पर पूरी तरह से रोक लगा दी है. ड्रग्स एंड मैजिक रेमेडीज अधिनियम, 1954 के तहत ये कार्रवाई की गई है. इसके अलावा कोर्ट ने पतंजलि आयुर्वेद और इसके प्रबंधन निदेशक (MD) आचार्य बालकृष्ण को कोर्ट की अवमानना का नोटिस जारी किया है. बता दें कि मना करने के बावजूद भ्रामक विज्ञापन चलाने के लिए ये कार्रवाई हुई है।

# हमारे पूर्वजों ने हमे गौरवशाली विरासत दी है - राज्यपाल




**रायपुर।** राजभवन में आज राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन के मुख्य आतिथ्य में मिजोरम और अरूणाचल प्रदेश का स्थापना दिवस रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने इस अवसर पर कहा कि हमारे पूर्वजों के अथक मेहनत और दृढ़ संकल्प ने हमे गौरवशाली विरासत दी है जिस पर हमे गर्व करना चाहिए। केन्द्र सरकार के एक भारत-श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत विविधता में एकता की भावना को बढ़ावा देने के लिए सभी राज्य एक दूसरे का स्थापना दिवस मनाते है। इसी कड़ी में राजभवन में मिजोरम और अरूणाचल प्रदेश का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राज्यपाल ने स्थापना दिवस के अवसर पर इन राज्यों के लोगों को बधाई दी। राज्यपाल श्री हरिचंदन ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की एक पहल है जिसका उद्देश्य भारत के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में रहने वाले विविध संस्कृतियों के लोगों के बीच आपसी समझ और सहयोग को बढ़ावा देना है। ऐसे कार्यक्रम विभिन्न राज्यों के लोगों को अपनी भाषाओं, संस्कृतियों, परंपराओं और प्रथाओं को साझा करने का अवसर प्रदान करते हैं, जिससे भारत की एकता और अखंडता मजबूत होती है।

उन्होंने कहा कि हिमालय की ऊंची चोटियों से लेकर मिजोरम की शांत घाटी तक, दोनों राज्यों में समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, विविध भाषाएं और जटिल परंपराएं हैं।

संदेशखाली की घटनाओं पर सीएम विष्णुदेव साय ने ममता बनर्जी को लिखी चिट्ठी

# दोषियों के खिलाफ करें कड़ी से कड़ी कार्रवाई



**रायपुर।** संदेशखाली में महिलाओं से दुष्कर्म और आदिवासियों की जमीन छिने जाने की घटना को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पत्र लिखा है. मुख्यमंत्री साय ने मामले में दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है. इसे भी पढ़ें = सदन में गूंजा सरकारी विभागों में फर्जी जाति प्रमाणपत्र के जरिए नौकरी का मुद्दा, मंत्री ने बताया 232 मामले हैं दर्ज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ममता बनर्जी को लिखे पत्र को सोशल मीडिया प्लेटफार्म ङ्ग पर शेयर करते हुए लिखा कि पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में 50 से अधिक जनजाति समुदाय की महिलाओं से नृशंस दुष्कर्म, आदिवासियों की जमीन छीनने जैसी घटनायें शर्मनाक है. वारदात में लिप्त दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पत्र प्रेषित कर रहा हूं. आशा है ममता जी इस पत्र पर संज्ञान लेकर पश्चिम बंगाल के पीड़ितों के प्रति न्याय करेंगी.

# लोकसभा चुनाव तैयारी में जुटी भाजपा, 28 फरवरी को होगी मैराथन बैठकें



**रायपुर।** लोकसभा चुनाव तैयारियों के परिप्रेक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी की 28 फरवरी को मैराथन बैठकें होने जा रही है. राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में आहूत इन मैराथन बैठकों में प्रदेश सह प्रभारी नितिन नवीन चुनाव के मद्देनजर अब तक के कार्य की प्रगति की समीक्षा कर पदाधिकारियों को मार्गदर्शन करेंगे. भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने बैठकों की जानकारी देते हुए बताया कि सबसे पहले क्लस्टर प्रभारियों, लोकसभा प्रभारियों, लोकसभा संयोजकों व सह संयोजकों की बैठक होगी. दूसरी बैठक में भाजपा के विभिन्न कार्यक्रमों की टोलियों की बैठक होगी. इसके बाद भाजपा के सभी मोर्चों के प्रदेश प्रभारी, अध्यक्ष, महामंत्री, संभाग प्रभारियों की बैठक रखी गई है. सबसे अंत में प्रदेश चुनाव समिति की अहम बैठक प्रदेश सह प्रभारी नवीन की उपस्थिति में होगी. श्रीवास्तव ने कहा कि चुनाव तैयारियों के दृष्टिगत ये बैठकें काफी अहम हैं, और इनमें चुनावी रणनीति के मार्गदर्शक बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा होगी. इन बिन्दुओं के आलोक में मंडल से लेकर शक्ति केंद्र और बूथ कमेटियों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंपे जाएंगे. भाजपा प्रदेश महामंत्री ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में जन-आशीर्वाद से हासिल ऐतिहासिक जनादेश से भाजपा कार्यकर्ता काफी उत्साहित हैं, और प्रदेश की सभी 11 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाने के लिए 'अबकी बार चार सौ पार' का लक्ष्यनिष्ठ संकल्प लेकर चुनावी मैदान में हैं.

# मंत्री बृजमोहन अग्रवाल की मां का निधन,अस्पताल में चल रहा था इलाज

91 साल की उम्र में लीं अंतिम सांसें





**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार में मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ विधायक बृजमोहन अग्रवाल की मां का 91 साल की उम्र में निधन हो गया। पिस्ता देवी अग्रवाल पिछले कुछ दिनों से बीमार थीं। मंगलवार शाम उनका देहांत हुआ। बताया जा रहा है वह पिछले कुछ दिनों से डॉक्टर्स की निगरानी में थीं। शहर के एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहा उन्हें कुछ दिनों से वेंटिलेटर पर रखा गया था। बाद में अस्पताल से घर लाया गया, यहीं उन्होंने अंतिम सांसें लीं। बृजमोहन अग्रवाल की माताजी 28 फरवरी को सुबह 10 बजे मौलश्री विहार अंतिम यात्रा निकाली जाएगी। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी शमशान में संपन्न होगा। पिस्ता देवी अग्रवाल समाज के राष्ट्रीय संरक्षक और समाजसेवी रामजीलाल अग्रवाल की धर्मपत्नी थीं। समाजसेवी गोपालकृष्ण अग्रवाल और शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, अग्रवाल सभा रायपुर के अध्यक्ष विजय अग्रवाल, योगेश अग्रवाल और यशवंत अग्रवाल की माता जी थीं।

# मुठभेड़ में चार नक्सली ढेर, सुरक्षा बल की सर्चिंग जारी




**बीजापुर.** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में चार नक्सलियों को ढेर करने की खबर सामने आई है. यह मुठभेड़ जंगला थाना क्षेत्र में हुई है. घटना स्थल से मारे गए माओवादियों के शव और हथियार बरामद कर लिया गया है. इसकी पुष्टि बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव ने की है.

क्षेत्र में अभी भी सर्चिंग जारी है. सूत्रों के मुताबिक, इस मुठभेड़ में और भी नक्सलियों की मारे जाने की खबर मिल रही है. बता दें कि नक्सल उन्मूलन अभियान में बस्तर पुलिस और वहां तैनात अर्धसैनिक बलों को हर दिन बड़ी कामयाबी हाथ लग रही हैं. बौखलाए नक्सली लगातार पुलिस पार्टी को अपना निशाना बना रही है, जिसमें उन्हें खुद नुकसान झेलना पड़ रहा है. दो दिन पहले भी पुलिस को कांकेर में बड़ी कामयाबी हाथ लगी थी.

# उप मुख्यमंत्री अरुण साव लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं के प्रशिक्षण में हुए शामिल




**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव आज सवेरे लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं के प्रशिक्षण में शामिल हुए। रायपुर के सिविल लाइन स्थित नवीन विश्राम भवन में सीएसआईआर-सीआरआरआई द्वारा लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंताओं, अनुविभागीय अधिकारियों और उप अभियंताओं के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। विभागीय अभियंताओं को रोड सेफ्टी ऑडिट और सड़क सुरक्षा से संबंधित विषयों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री श्री अरुण साव ने तीन दिवसीय प्रशिक्षण के शुभारंभ सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि सड़कें गुणवत्तापूर्ण होने के साथ ही सुरक्षित भी होने चाहिए। सड़कों के निर्माण के दौरान सुरक्षा संबंधी सभी उपायों और प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि विभाग के अभियंताओं के लिए यह प्रशिक्षण काफी उपयोगी होगा और वे रोड सेफ्टी ऑडिट तथा सड़क सुरक्षा की बारीकियों एवं व्यावहारिक व्यवस्थाओं को और ज्यादा बेहतर तरीके से जान-समझ पाएंगे। प्रमुख अभियंता श्री के.के. पिपरी और वरिष्ठ विभागीय अधिकारी भी प्रशिक्षण के शुभारंभ सत्र में मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि देश में बढ़ती दुर्घटनाओं और उनमें मरने वालों की अत्यधिक संख्या को देखते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने रोड कमेटी ऑन रोड सेफ्टी का गठन किया है।

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, बुधवार 28 फरवरी 2024

# केसीसी के अपात्र आवेदनों की समीक्षा कर किसानों को करें लाभान्वित-कलेक्टर कार्तिकेया गोयल

## नल-जल योजना अंतर्गत पेयजल आपूर्ति के कार्यों में लाए तेजी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

किसान क्रेडिट कार्ड के प्राप्त आवेदनों में घरघोड़ा एवं धरमजयगढ़ विकासखंड में अत्यधिक आवेदनों को अपात्र किया गया हैं, आवेदनों को पुनः वेरिफिकेशन कर अधिक से अधिक किसानों को केसीसी से लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। उक्त बातें आज कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने समय-सीमा की बैठक में कहीं। कलेक्टर गोयल ने किसान क्रेडिट कार्ड प्रगति की समीक्षा करते हुए कृषि विभाग के लक्ष्य अनुरूप बनाए गए किसान क्रेडिट कार्ड की जानकारी ली। कलेक्टर गोयल ने कहा कि कई विकासखंड में बेहतर कार्य किए गए हैं, लेकिन कई स्थानों में अपात्र आवेदनों की संख्या अधिक है, इसकी समीक्षा करें कि किस आधार पर आवेदनों को अपात्र किए गए है। उन्होंने आरएईओ के माध्यम से केसीसी बनाने में प्रगति लाने के निर्देश दिए।



कलेक्टर गोयल ने आगामी ग्रीष्मकाल में पेयजल की समस्या के मद्देनजर नल-जल योजना अंतर्गत पेयजल आपूर्ति के सभी कार्य में तेजी लाने के निर्देश ईई पीएचई को दिए। उन्होंने विद्युत विभाग को सभी पंप के विद्युतीकरण के निर्देश दिए। इसी प्रकार टंकी निर्माण हेतु स्थल चयन को अति शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए तथा पूर्व के जल स्त्रोतों में टंकी जोड़ने पर ग्रामीणों की आपत्ति पर सीईओ जनपद को निर्देशित किया कि ईई पीएचई से समन्वय कर निराकरण करें, जिससे आने वाले दिनों में पेयजल की समस्या से निजात मिल सके। कलेक्टर गोयल ने निर्माण कार्यों की भी समीक्षा करते हुए कहा कि स्वीकृत कार्यों को अतिशीघ्र प्रारंभ करें। सभी निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया कि कोई भी निर्माण कार्य नहीं रुकना चाहिए एवं निर्माण कार्य को ग्रीष्म ऋतु में पूर्ण होना चाहिए। उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि

### निर्माणाधीन एवं स्वीकृत निर्माण कार्यों में प्रगति लाने के दिए निर्देश

पीएम स्कूल के सभी लघु कार्य जल्द पूर्ण करने के साथ ही अतिरिक्त कमरों के निर्माण में तेजी लाए। इस दौरान उन्होंने खाद्य विभाग को ई-केवाईसी में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार जल स्त्रोतों के एंट्री की समीक्षा करते हुए उन्होंने अमृत सरोवर की एंट्री करने तथा डीएफओ रायगढ़ को नरवा स्ट्रक्चरों की एंट्री के निर्देश दिए.स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर गोयल ने जिले में चल रहे फाईलेरिया दवा सेवन के बारे



में जानकारी ली। विभाग द्वारा बताया गया कि 28 फरवरी तक दवा सेवन कार्यक्रम चलाया जाएगा। इस दौरान उन्होंने वनाधिकार पत्रों की समीक्षा करते हुए आदिवासी विकास विभाग एवं खाद्य विभाग को वन अधिकार पत्र धारक किसानों द्वारा मंडी में बेचे गए धान फसलों की जानकारी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि हितग्राही मूलक योजनाओं में विशेष पिछड़ी जनजाति एवं सांसद आदर्श ग्राम के लोगों को प्राथमिकता दें।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मण्डावी, डीएफओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत, एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर श्री राजीव कुमार पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम

### कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने ली समय-सीमा की बैठक

सुनील कुमार चंद्रवंशी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### बालवाड़ी का करें निरीक्षण

कलेक्टर गोयल ने महिला बाल विकास विभाग एवं शिक्षा विभाग द्वारा संचालित बालवाड़ी योजना की जानकारी ली। शिक्षा विभाग द्वारा बताया गया कि प्राथमिक स्कूल के एक कमरे में बालवाड़ी का संचालन किया जाता हैं। जहां आंगनवाड़ी में 3 से 6 वर्ष के बच्चे जाते है, उनमें से 5-6 वर्ष के बच्चों को 2 घंटों के लिए बालवाड़ी भेजा जाता है। जहां प्राथमिक स्कूल के शिक्षकों द्वारा खेल-खेल के माध्यम से भाषा एवं गणित की शिक्षा दी जाती है। जिस पर कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि यह एक अच्छी योजना है, जिससे बच्चे बेहतर सीख सकते है। उन्होंने इसके बेहतर संचालन के लिए सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि दौरे के दौरान वे बालवाड़ी का भी विशेष तौर पर निरीक्षण करेंगे।

### 3 मार्च से पिलाया जाएगा पोलियों ड्रॉप

समय-सीमा की बैठक में स्वास्थ्य विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 3, 4 एवं 5 मार्च को 0 से 5 साल के बच्चों को पोलियों की ड्रॉप पिलाई जायेगी। जिसमें 3 मार्च को बूथ में तथा 4 एवं 5 मार्च को डोर-टू-डोर दवा पिलाया जाएगा। जिसमें जिले के लक्ष्य अनुसार 1 लाख 35 हजार बच्चों को 1300 बूथ के माध्यम से पोलियो की ड्रॉप पिलाई जाएगी। कलेक्टर श्री गोयल ने सभी अधिकारियों को पोलियों के संबंध में आस-पास के लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए एवं स्वास्थ्य विभाग को सिकल सेल टेंस्टिंग में वृद्धि करने के निर्देश दिए।

## एक नजर

### प्रदेश स्तरीय 'माँ परमेश्वरी महोत्सव' राजधानी रायपुर में सम्पन्न, जिले के स्वजातिय जन भी शामिल हुए




जोहार छत्तीसगढ़ – बेमेतरा।

राजधानी रायपुर के सत्यम विहार कॉलोनी,रायपुरा स्थित सामाजिक भवन में प्रदेश स्तरीय माँ परमेश्वरी महोत्सव का आयोजन किया गया था,जिसमे प्रदेश भर के सामाजिक जन उपस्थित होकर प्रदेश स्तरीय माँ परमेश्वरी महोत्सव बड़े भी हर्सोल्लास से मनाया। सर्वप्रथम ईस्ट देवी माँ परमेश्वरी की विधि विधान से पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुवात की गई तथा सामाजिक जनों ने माता के सेवा गीत गाते हुये भव्य कलश शोभायात्रा निकाली। कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का देवांगन समाज के चिन्हारी सफेद धागा ( फाला) पहनाकर व बैच लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। प्रदेश भर से आये समाज के लगभग 70 युवक-युवतियों ने परिचय सम्मेलन में भाग लिया तथा देवांगन समाज के प्रतिभावान एवं विभिन्न क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले सामाजिक जनों का शाल, श्री फल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### प्राकृतिक आपदा में जनहानि के दो मामलों में प्रभावित परिजन हेतु 08 लाख की राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के दो मामलों में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6.4 के तहत 08 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसमें सन्ना तहसील अंतर्गत ग्राम बिसौड़ी निवासी कार्तिक भगत का आकाशीय बिजली गाज से 29 सितम्बर 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पत्नी रेखा बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार ग्राम खखरा निवासी बंधनी बाई का सर्पदंश से 30 जुलाई 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतिका के निकटतम् वारिस मृतिका के पति सुखू राम हेतु 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### स्पेशल एजूकेटर पद के लिए मेरिट सूची जारी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

समावेशी शिक्षा अंतर्गत स्पेशल एजूकेटर के (अजजा वर्ग के मुक्त 2 एवं महिला 1)पद पर भर्ती के लिए आवेदन मंगाये गये थे। प्राप्त आवेदन पत्रों के परीक्षण पश्चात पात्र-अपात्र सूची जारी की गई एवं पात्रता के संबंध में विगत माह दावा-आपत्ति मंगाये गये। प्राप्त दावा-आपत्तियों के निराकरण कर अंतिम रूप से पात्र-अपात्र किया गया है। पात्र आवेदकों के मेरिट सूची जारी की गई है। जिसका अवलोकन जिले के वेबसाईट www.raigarh.gov.in में कर सकते हैं। अंतिम रूप से पात्र आवेदकों के मेरिट सूची के अनुसार मूल दस्तावेजों के सत्यापन के लिए बुलाए जायेंगे। संबंधित आवेदकों को प्रमाण-पत्र सत्यापन के लिए तिथि व स्थल की जानकारी दी जाएगी। बुलाए गए पात्र आवेदक समस्त मूल दस्तावेजों व एक सेट सत्यापित प्रमाण-पत्रों सहित उपस्थित होंगे। सत्यापन के लिए उपस्थित आवेदकों के सत्यापन उपरांत मेरिट के आधार पर नियुक्ति दी जाएगी।

### मुख्यमंत्री युवा स्व-रोजगार योजनाः साक्षात्कार 4 मार्च को

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मुख्यमंत्री युवा स्व-रोजगार योजना वर्ष 2023-24 के अंतर्गत हितग्राहियों का ऋण आवेदनों के निराकरण हेतु साक्षात्कार जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति के समक्ष 4 मार्च 2024 को दोपहर 2 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में नियत की गई है। इस संबंध में हितग्राहियों को पत्र के माध्यम से सूचित किया गया है। जिन हितग्राहियों को पत्र प्राप्त नहीं हो पाया है वे भी साक्षात्कार में शामिल हो सकते है।

# कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नूपुर राशि पन्ना ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जिला अंतर्गत प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्य और विभागीय कार्यों की विसतार से समीक्षा की। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने आगामी लोकसभा चुनाव के संदर्भ में आदर्श आचार संहिता के पालन कराने हेतु एसएसटी एफएसटी,वीएसटी दलों के गठन सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए सर्व संबंधित विभागीय अधिकारीयों को अपने अधीनस्थ कार्यरत अधिकारियों कर्मचारियों की निर्वाचन कार्य से संबंधित पीपीइएस सॉफ्टवेयर में समय पर एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में धान उठाव की स्थिति का समीक्षा करते हुए जल्द उठाव कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही राईस मिलों का निरीक्षण कर राईस मिलरों को जारी डीओ की मात्रा एवम चावल जमा की मात्रा की जांच करने और गड़बड़ी होने पर मिलर्स के ऊपर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागों को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में प्राप्त विभागवार आवेदनों के जल्द से जल्द निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर पन्ना ने राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए एसडीएम और तहसीलदारों को अविवादित नामांतरण,अविवादित खाता विभाजन, सीमांकन सहित समस्त राजस्व प्रकरणों को समय सीमा पर निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार समय सीमा की बैठक में स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने पुतरी मईया अस्पताल का जीर्णोद्धार कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही अग्निवीर भर्ती की समीक्षा करते हुए जिले में अग्निवीर भर्ती के लिए कोचिंग प्रारंभ करने के साथ ही युवाओं को एनडीए की तैयारी कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर पन्ना ने पीएम स्कूलों की व्यय स्थिति, महतारी वंदन योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, लोकसेवा गारंटी अधिनियम, स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल बोर्ड लगाने, स्टेडियम व बैडमिंटन कोर्ट निर्माण, कृषकों के लंबित ई.केवाइसी कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर बीरेंद्र कुमार लकड़ा, अपर कलेक्टर एवं एसडीएम सुश्री दिव्या अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर सुश्री रजनी भगत, उप जिला निर्वाचन अधिकारी बालेश्वर राम, संयुक्त कलेक्टर केएस पैंकरा, एसडीएम श्री पंकज डाहिरे, एसडीएम अरूण कुमार सोम, जिला कोषालय अधिकारी दशरथ प्रसाद सोनी, जिला शिक्षा अधिकारी बीएल खरे सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



# रोजगार दो,न्याय दो के तहत पंचायत चलो वार्ड चलो अभियान की युवा कांग्रेस ने की शुरुवात



जोहार छत्तीसगढ़ – बेमेतरा।

कांग्रेस भवन साजा में रोजगार दो न्याय दो कैंपेन के तहत पंचायत चलो वार्ड चलो अभियान के विषय में विधानसभा अध्यक्ष युवा कांग्रेस साजा अंजोर यदु के नेतृत्व में युवा कांग्रेस की आवश्यक बैठक आयोजित किया गया

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष श्री आकाश शर्मा जी ,युवा कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव व सह प्रभारी मनप्रीत सिंह जी -दुर्ग लोकसभा के प्रभारी व प्रदेश महासचिव संदीप वोरा जी ज़िला प्रभारी शशांक साहू जी , जिला अध्यक्ष राजा चौबे जी उपस्थित हुए, युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों को 26 फरवरी से लेकर 07 मार्च तक चलने वाले पंचायत चलो वार्ड चलो अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी देकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया और अपने वक्तव्य में कहा की किस तरह केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने लोगो को गुमराह कर झूठ बोला है , चाहे वह युवाओं को प्रति वर्ष 2 करोड़ रोजगार देने की बात हो,मंहगाई कम करने की बात हो, किसानों की आय दुगुनी करने की बात हो , विदेशों से कालाधन लाने की बात हो सभी घोषणाएं उनकी जुमला है इस सभी बातों को घर घर जाकर लोगो को बताने की जरूरत है,उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजू चौहान पूर्व अध्यक्ष युका,ईश्वर वर्मा सरपंच, बलकरन वर्मा सचिव, विप्लव गौराहा महासचिव, लक्की खनूजा उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिन्हा, टुकेश देशमुख, बब्बू वैष्णव,ब्लॉक अध्यक्ष गण मधुसूदन राणा, आशीष शर्मा, कुलेश्वर चंद्राकर, राम वर्मा,अमितेश साहू, अनिल सिवारे ,सुमित साहू,आयुष यदु,भुवन विश्वकर्मा, सुशील निर्मलकर,आत्मा जोशी,मनीष माली,मोंटी निर्मलकर,भूजल शर्मा,जितेंद्र वर्मा, बंटी साहू , नरेश साहू, गीतेश सेन, सलमान खान, सोहन जंघेल, जितेंद्र वर्मा, युवराज वर्मा, केदार जंघेल, कुबेर वर्मा, जनार्दन लोधी, सुयश ताम्रकार, मजीद खान,रूपेश राजपूत,रौनक पांडे, बॉबी यादव, भूपेंद्र सिन्हा, अभिषेक साहू, सजीवन विश्वकर्मा, ध्रुव साहू एवम् युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जय जोहार जय कलमकार हेतु मधु को साहित्य वैभव सम्मान

## साहित्य वैभव अलंकरण से मधु सम्मानित

**कोंडागांव।** जय जोहार साहित्य व संस्कृति संस्थान द्वारा ग्यारह एकल काव्य संग्रह के रचनाकारों की पुस्तकों चार साझा सँग्रह का बृहद विमोचन व सम्मान समरोह का आयोजन बृंदावन हाल सिविल लाइन में पच्चीस फरवरी को आयोजित किया गया।वरिष्ठ साहित्यकार व आयुष विश्विद्यालय के कुलपति डॉ संजय अलंग, भाषविद डॉ चितरंजन कर वरिष्ठ लेखक गिरीश पंकज सहित संस्था अध्यक्ष डॉ सीमा निगम की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर कोंडागांव जिले की शिक्षिका साहित्यकार मधु तिवारी को उनके साझा काव्य संग्रह जय जोहार जय कलमकार में शामिल अपनी रचनाओं के लिए साहित्य वैभव सम्मान से उपस्थित अतिथियों के कर कमलों से प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह, पुस्तक की विमोचित प्रति भेंट कर सम्म्मनित किया। उल्लेखनीय है की इसके पूर्व शिक्षिका मधु शिक्षा और साहित्य के साथ सामाजिक और शैक्षिक सरोकारों के विभिन्न



आयामों में अपने रचनात्मक योगदान के लिए जिला, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अनेक सामाजिक, शैक्षिक , सरकारी, गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा विभिन्न अवसरों पर सम्म्मनित किया है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा भी राज्यपाल शिक्षक सम्मान सहित अनेको बार प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनकी प्रतिभा को सम्म्मनित किया है। |दो एकल काव्य संग्रह सहित बीस से भी अधिक साझा कविता संग्रह कहानियां, लेख देश के प्रतिष्ठित पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए है। हिंदी के साथ छत्तीसगढी भाषा मे भी कविता कहानी, बाल साहित्य लिखकर शिक्षा में उनका उपयोग कर बच्चों का भविष्य सँवारने हेतु प्रयास रत है।

# कलेक्टर गोयल ने जनदर्शन में सुनी जनसामान्य की समस्याएं

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आज साप्ताहिक जनदर्शन के माध्यम से जिले के दूर दराज से आये नागरिकों, ग्रामीणजनों की मांग, समस्याओं एवं शिकायतों को सुनकर आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। इस दौरान नागरिकों ने बारी-बारी से अपना आवेदन प्रस्तुत किये। कलेक्टर गोयल ने जनदर्शन में आये ग्रामीणजनों से उनके आवेदन प्राप्त कर उनके नियमानुसार निराकरण करने के बारे में उन्हें अवगत कराया। आज जनदर्शन में पेंशन, राशन, आवास, राजस्व, चिकित्सा, भू-अर्जन, विद्युत, शिक्षा आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। मौके पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव भी उपस्थित रहे। जनदर्शन में ग्राम-रैबार के सरपंच अनुज कुंवर स्कूल में अहाता निर्माण के संबंध में आवेदन लेकर आये थे। उन्होंने बताया कि शा.प्रा.विद्यालय डीपापारा रैबार में



बाउण्ड्रीवाल की आवश्यकता है। क्योंकि स्कूल में अहाता न होने के कारण बाहरी शरारती तत्व के लोग अनावश्यक घुस जाते है। जिसकी वजह से वहां के पढ़ने वाले बच्चों को परेशानी हो रही है। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को स्कूल में अहाता निर्माण के संबंध में निर्देश दिए। इसी तरह सोनुमुड़ा निवासी शशीकला भट्ट शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाए जाने के संबंध में कलेक्टर से निवेदन किया। उन्होंने बताया कि वह छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल के पंजीयन श्रेणी में आती है। उन्होंने बताया कि उसे प्रथम पुत्र रत्न की प्राप्ति में शासन से मिलने वाली राशि का लाभ नहीं मिला है। उन्होंने इस योजना से लाभ प्रदाय करने हेतु आग्रह किया। कलेक्टर गोयल संबंधित विभागीय अधिकारी को आवेदन पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ग्राम-रेगड़ा के अब्दुल फरीद वृद्धा पेंशन प्रदाय के संबंध में आवेदन लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि उनका कोई सहारा नहीं है, चूंकि वृद्ध होने की वजह से कही काम भी नहीं कर पा रहे है। ऐसे में जीवन-यापन में कठिनाई हो रही है। कलेक्टर गोयल समाज कल्याण विभाग को आवेदन पर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। तहसील तमनार के ग्राम आमगांव निवासी छत्रपाल नायक धान राशि भुगतान के संबंध में आये थे। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा बेचे गये धान की आधी राशि तो उन्हें मिल गयी है, परंतु शेष बची हुई राशि को एक सप्ताह में भुगतान हो जाने संबंधी आश्वस्त किया गया था। किन्तु आज दिनांक तक उक्त राशि लंबित है। उन्होंने कलेक्टर से शेष राशि को शीघ्र दिलवाये जाने संबंधी आग्रह किया। ग्राम-बिजना के ग्रामीण बिगड़े बोर पंप को बनवाने संबंधी आवेदन लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि बीते एक माह से गांव का बोर खराब होने की वजह से यहां के रहवासियों को पानी के लिए बहुत परेशानी हो रही है। इस संबंध में वहां के सरपंच एवं सचिव को भी जानकारी दी गई है परंतु आज पर्यन्त तक उसका कोई निराकरण नहीं हो पाया है। आगामी ग्रीष्म ऋतु आने वाली है, जिससे पानी को लेकर और समस्या हो जाएगी। ग्रामवासियों ने जल्द से जल्द बोर बनवाने हेतु आग्रह किया। कलेक्टर गोयल ने ईई पीएचई को शीघ्र ही इसका निराकरण करने के निर्देश दिए। ताकि वहां के रहवासियों को पानी का किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो। इस अवसर पर एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी, जिला परिवहन अधिकारी श्री दुष्यंत रायस्त, प्रभारी सहायक आयुक्त आदिवासी महेश शर्मा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# साजा क्षेत्र सी.सी. रोड निर्माण कार्य के लिए 93.66 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति

जोहार छत्तीसगढ़ – बेमेतरा।




विधानसभा साजा स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अन्तर्गत बेमेतरा जिले के विभिन्न गावों में विकास कार्यों के लिए 93 लाख 66 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। विधायक साजा ईश्वर साहू की अनुशंसा पर कलेक्टर रणबीर शर्मा ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत उक्त स्वीकृति दी है।

जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय बेमेतरा से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखण्ड बेमेतरा विधानसभा साजा के ग्राम पंचायत बोरतरा में पचरी निर्माण के लिए 2 लाख 50 हजार रुपये, ग्राम पंचायत पदमी में जैतखाम से पास सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य के लिए 5 लाख रूपये, ग्राम पंचायत घोटवानी सी.सी. रोड़ निर्माण के लिए 2 लाख रूपये, ग्राम पंचायत भटगांव में सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य के लिए 7 लाख 80 हजार रूपये, ग्राम पंचायत ढाप में शितला मंदिर से मकरदम गली तक सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य के लिए 5 लाख 20 हजार रूपये, ग्राम पंचायत बरगा में मेहरपारा मेहत्तर यादव के घर तक नाली निर्माण कार्य के लिए 7 लाख 80 हजार रूपये, ग्राम पंचायत बेलगांव में सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य के लिए 7 लाख 80 हजार रूपये, ग्राम पंचायत सुखाताल के आश्रित ग्राम समुद्वारा में सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य के लिए 10 लाख 40 हजार रूपये, ग्राम पंचायत हाथीडोब में सर्व मंगल समाज भवन निर्माण कार्य के लिए 5 लाख रूपये, ग्राम पंचायत नवकेशा में कांशी के घर से देवेन्द्र के घर तक सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य के लिए 3 लाख 63 हजार रूपये ग्राम पंचायत बगरगड़ा में मोहन साहू के घर से लखन साहू के घर तक सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य के लिए 3 लाख 63 हजार रूपये, ग्राम पंचायत बुधवारा में शितला से दुलार यादव के घर तक सी.सी.रोड़ निर्माण कार्य के लिए 2 लाख 60 हजार रूपये की स्वीकृति दी गयी ।

इसी प्रकार ग्राम पंचायत बिरनपुर में प्रकाश मानिकपुरी के घर से मुख्य मार्ग तक सी.सी. रोड़ निर्माण के लिए 2 लाख 60 हजार रूपये, ग्राम पंचायत बिरनपुर में सर्व समाज सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिए 10 लाख रूपये, ग्राम पंचायत बिरनपुर के आश्रित ग्राम चेचानमेटा में नारायण साहू के घर से डॉक्टर के घर तक सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य के लिए 2 लाख 60 हजार रूपये, ग्राम पंचायत बिरनपुर के आश्रित ग्राम चोरभट्ठी बेदराम के घर से नाला से नाली निर्माण कार्य के लिए 3 लाख रूपये, ग्राम पंचायत बिरनपुर में नाली निर्माण कार्य के लिए 1 लाख 50 हजार रूपये, ग्राम पंचायत बिरनपुर आश्रित ग्राम चोरभट्ठी कोटवार के घर से रामायणदास के घर तक सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य के लिए 2 लाख 60 हजार रूपये, नगर पंचायत साजा वार्ड क्रमांक 14 में शास.मद से निर्मित सामुदायिक भवन आहाता निर्माण कार्य के लिए 8 लाख रूपये, प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

इन निर्माण कार्यों के लिए क्रियान्वयन एजेंसी विधायक निधि विकास योजनांतर्गत से निष्पादित कार्य के बारे में स्थानीय जनता को अवगत कराने के लिए विधायक के नाम सहित विधायक निधि विकास योजनांतर्गत कार्य लिखित सूचनापट कांक्रीट बोर्ड एवं स्पष्ट रूप से कार्य स्थल पर लगाया जावे।

# कलेक्टर ने साप्ताहिक जनदर्शन के माध्यम से सुनी आमलोगों की विभिन्न समस्याएं

## जनदर्शन में कुल 61 आवेदन हुए प्राप्त

जोहार छत्तीसगढ़– सक्ती।



कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नूपुर राशि पन्ना ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में जनदर्शन के माध्यम से जिले के दूरदराज के गांवों से आये विभिन्न लोगों की समस्याएं सुनी। कलेक्टर पन्ना द्वारा जनदर्शन में प्राप्त होने वाले आवेदनों का त्वरित निराकरण कराने के उद्देश्य से संबंधित विभागीय अधिकारियो की उपस्थिति में जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित कराया जा रहा है। जनदर्शन में कुल 61 आवेदन प्राप्त हुए है। जनदर्शन में मालखरौदा तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम कुदरी निवासी श्रद्धा चौहान ने राशन कार्ड बनवाने के संबंध में आज सप्ताहिक जनदर्शन में आवेदन लेकर पहुंची। उन्होंने बताया कि उनके शादी हुए 14 वर्ष हो गए हैं लेकिन अभी तक राशन कार्ड नहीं बन पाया है जिसके लिए वह आज सप्ताहिक जनदर्शन में आवेदन लेकर पहुंची। जिस पर कलेक्टर ने तत्काल संबंधित अधिकारी को नियमानुसार त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए, जिस पर जिला खाद्य अधिकारी अमृत कुजूर ने तत्काल आवेदक के नाम से राशन कार्ड बनवाकर कलेक्टर के हाथों कार्ड प्रदान किया गया।

इसी प्रकार विकासखंड मालखरौदा के ग्राम सकर्रा निवासी पंकज चंद्रा पिता स्व हरवंश चंद्रा ने मृतक हरवंश चंद्रा के स्थान पर अनुकंपा नियुक्ती करने के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे। इसी प्रकार जैजैपुर तहसील के ग्राम दतौद निवासी पंचराम राही ने मछली पालन के लिए लोन के संबंध में आवेदन सहित अन्य विभिन्न आवेदको द्वारा राजस्व, आवास, पेंशन भुगतान, भूमि विवाद, नामांतरण, बटवारा सहित अन्य आवेदन लेकर जनदर्शन में पहुंचे, जिस पर कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने संबंधित विभागों को सभी प्राप्त आवेदनों का जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ तथा शीघ्र निराकरण करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिला स्तरीय जनदर्शन का आयोजन प्रत्येक मंगलवार को आयोजित किया जा रहा है।

# महिला से सामुहिक दुष्कर्म की शिकायत को लेकर थाने में हंगामा

## पुलिस ने बलवा का दर्ज किया मामला

**बिलासपुर** । बिल्हा क्षेत्र में रहने वाली महिला ने सामुहिक दुष्कर्म की शिकायत की है। मामले में पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो पीड़ित के स्वजन और गांव के लोगों की भीड़ थाने पहुंच गई। पीड़ित के स्वजन और लोग दुष्कर्म का मामला दर्ज करने हंगामा करने लगे।





पुलिस की ओर से मामले में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर कुछ लोगों ने चक्काजाम का प्रयास किया। इस पर पुलिस ने बलवा और चक्काजाम का जुर्म दर्ज कर लिया है। बिल्हा क्षेत्र में रहने वाली महिला ने गांव के ही कुछ लोगों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट और सामुहिक दुष्कर्म की शिकायत की है। महिला फिलहाल अस्पताल में भर्ती है।

पीड़ित के स्वजन ने इसकी शिकायत थाने में की। इस पर पुलिस ने छेड़छाड़ और मारपीट का मामला दर्ज कर लिया। दुष्कर्म का मामला दर्ज नहीं होने पर स्वजन आक्रोशित हो गए। स्वजन और गांव के लोग दुष्कर्म का मामला दर्ज करने की मांग करते हुए मंगलवार को बड़ी संख्या में थाने में पहुंच गए। थाने में पुलिस की ओर से जांच और मेडिकल रिपोर्ट के बाद धाराएं बढ़ा दिए जाने का आश्वासन दिया गया। स्वजन इससे संतुष्ट नहीं हुए। कुछ लोगों ने चक्काजाम करने का प्रयास किया। इस पर पुलिस ने अपनी मांग को लेकर पहुंचे लोगों के खिलाफ रास्ता रोकने और बलवा का मामला दर्ज कर लिया है।

# बगीचा एसडीएम, जनपद सीईओ, प्रभारी वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी जशपुर और फरसाबहार हुए सम्मानित

जोहार छत्तीसगढ़– जशपुर।



कलेक्टर ने दिया प्रशंसा पत्र

कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने अनुविभागीय अधिकारी रा. बगीचा एसडीएम आरएस लाल, विकासखण्ड फरसाबहार के प्रभारी वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी नन्दराम भगत और विकासखंड.जशपुर के प्रभारी वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी अजीत कुमार सोनवानी को प्रशंसा पत्र देखकर सम्मानित किया है।

कलेक्टर डॉ.मित्तल ने भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला जशपुर अन्तर्गत एसडीएम आरएस लाल, द्वारा लक्ष्य अनुसार बगीचा अनुभाग क्षेत्र में आजीवन, वार्षिक एवं सामान्य सदस्य बनाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने में सराहनीय एवं प्रशंसनीय कार्य हेतु प्रशंसा के पात्र होने पर प्रशंसा पत्र देखकर भविष्य में भी विभागीय कार्यों एवं शासन की समस्त महत्वाकांक्षी योजनाओं में प्रगति की अपेक्षा की है।

इसी प्रकार शासन की महत्वाकांक्षी किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत् प्राप्त लक्ष्य के विरूद्ध प्रभारी वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी नन्दराम भगत और अजीत कुमार सोनवानी द्वारा शत प्रतिशत लक्ष्य की प्रतिपूर्ति की गई। जिससे कृषको किसान क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ प्राप्त हुआ तथा शासन की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना के तहत् प्राप्त लक्ष्य के विरूद्ध बगीचा जनपद पंचायत सीईओ कुमार प्रमोद सिंह द्वारा शत् प्रतिशत पंजीयन एवं सत्यापन कार्य समयावधि में पूर्ण की गई। इस हेतु उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रभारी वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी नन्दराम भगत,अजीत कुमार सोनवानी एवं जनपद पंचायत सीईओ कुमार प्रमोद सिंह को प्रशंसा के पात्र होने प्रशंसा पत्र देखकर भविष्य में भी विभागीय कार्यों एवं शासन की समस्त महत्वाकांक्षी योजनाओं में प्रगति की अपेक्षा की है। साथ ही कलेक्टर ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

# दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण आकलन व आवश्यकता निर्धारण शिविर का हुआ आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़– रायगढ़।



समग्र शिक्षा अंतर्गत 26 फरवरी को जिला चिकित्सालय रायगढ़ में 1 से 18 आयु वर्ग के दिव्यांग बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण आकलन तथा आवश्यकता निर्धारण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विकासखंड रायगढ़ की स्कूलों में अध्ययनरत लगभग 165 दिव्यांग बच्चों का परीक्षण तथा आवश्यकता निर्धारण किया गया। बीआरसी कार्यालय में पदस्थ बीआरपी सुमित्रा चंद्र ने बताया कि विकासखंड के शासकीय व अशासकीय शालाओं में दर्ज कक्षा 1 से लेकर 12 तक अध्यनरत दिव्यांग बच्चों का परीक्षण किया गया। बच्चों का परीक्षण एक मेडिकल टीम के द्वारा किया गया। जिसमें विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टर उपस्थित रहे। इनके द्वारा बच्चों का परीक्षण कर बच्चों की स्थिति आधार पर उनके लिए थेरेपी, सर्जरी अथवा उपकरण आदि का निर्धारण किया गया। इस शिविर का आयोजन जिला मिशन समन्वयक नरेंद्र चौधरी, जिला प्रभारी भूपेंद्र पटेल के निर्देशन तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी जी.आर.जाटवर विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मनोज अग्रवाल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर लेखापाल सतीश गोतम, विशेष शिक्षक दीपक राट्रे हेल्पर पार्वती यादव, छंदू राम आदि के सहयोग से शिविर का सफल आयोजन किया गया कार्यक्रम का आयोजन समग्र शिक्षा विकासखंड रायगढ़ के द्वारा किया गया। यह शिविर समग्र शिक्षा रायगढ़ के जिला परियोजना सामान्य एन.के.चौधरी, एपीसी बी पटेल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी आर जाटवार और विकासखंड स्त्रोत समन्वयक रायगढ़ मनोज अग्रवाल के कुशल मार्गदर्शन में बीआरपी सुमित्रा चंद्रा स्पेशल एजुकेटर दीपक रात्रे मैसेंजर छंदनु राम हेल्पर पार्वती यादव एवं जिला चिकित्सालय समाज कल्याण विभाग एवं समग्र शिक्षा के समस्त कर्मचारियों के सहयोग से आयोजित किया गया।




# जिले के अधिकारियों ने छात्रावासों का किया निरीक्षण

## छात्रावास पहुंचकर बच्चों का हाल–चाल जाना, बच्चों के साथ बैठकर किया भोजन

जोहार छत्तीसगढ़– जशपुर।



शासन के मंशानुसार जिले में संचालित छात्रावास, आश्रम में रहकर पढ़ाई करने वाले बच्चों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने हेतु कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने जिले के एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अधिकारियों को जिले में संचालित छात्रावास आश्रम पहुंच कर निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में जिले के तमाम अधिकारियों ने छात्रावास आश्रम का निरीक्षण किया और बच्चों से मिलकर हाल–चाल जाना, पढ़ाई की व्यवस्था, भोजन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य, भविष्य में क्या बनना चाहते हैं सहित अन्य सुविधाओं से अवगत हुए। अधिकारियों ने बहुत ही दुलार से बच्चों के बीच मिठाई और बिस्किट आदि का वितरण किया। उन्होंने बच्चों को निरंतर कठिन परिश्रम कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने प्रेरित कर शुभकामनाएं दी। अधिकारियों ने बच्चों के साथ बैठकर भोजन भी किया। सभी बच्चे अधिकारियों के साथ भोजन करके बेहद खुश नजर आए। अधिकारियों ने छात्रावास–आश्रम के अधीक्षक को पढ़ाई व्यवस्था, भोजन की गुणवत्ता सहित अन्य तमाम आवश्यकताओं की व्यवस्था नियमित बेहतर करने के निर्देश दिए है।



# मानव श्रृंखला निर्माण को लेकर छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना की बैठक हुआ संपन्न, शिवेंद्र वर्मा बने प्रदेश अध्यक्ष

जोहार छत्तीसगढ़– रायपुर।



छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना की एक अपनी अलग पहचान है इसी पहचान को बरकरार रखते हुए राजधानी रायपुर के रामनगर स्थित मां कर्मा भवन में छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना की मीटिंग रखा गया था। जिसमें प्रदेश कार्यकारिणी जिला कार्यकारिणी, महिला कार्यकारिणी,विद्यार्थी कार्यकारिणी सदस्यों का चयन जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अमित बघेल के उपस्थिति में सभी सदस्यों का गठन राहुल वर्मा छत्तीसगढ़िया युवा क्रान्ति सेना रायपुर के ज़िला संयोजक बनाये गये। छत्तीसगढ़, छत्तीसगढ़िया और छत्तीसगढ़ी याने छत्तीसगढ़ की जल जंगल जमीन को संवारने छत्तीसगढ़िया याने यहाँ के वासियों के हक़ को दिलाने और छत्तीसगढ़ी भाषा एवम संस्कृति के संरक्षक की भूमिका में छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना ने अपनी अलग पहचान बनाई है। कर्मा भवन कोटा में आयोजित बैठक में छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के साथ साथ छत्तीसगढ़िया महिला क्रान्ति, छत्तीसगढ़िया युवा क्रान्ति सेना और राजनीतिक पार्टी जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के रायपुर कार्यकारिणी का गठन हुवा। जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अमित बघेल ने सभी नये नियुक्त पदाधिकारियों को पीला चावल का टीका लगाकर बधाई दिया। छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के प्रदेश महामंत्री यशवंत वर्मा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को छत्तीसगढ़ का चिनहारी किसनहा गमछा भेंट किया उन्होंने हसदेव बचाव आंदोलन की तैयारियों का जायज़ा लिया व सभी सेनानियों से अपील किया कि वे समाज के हर वर्ग तक जायें और उनको दस मार्च को राजधानी में आयोजित प्रोटेस्ट में शामिल करने कहा। उन्होंने बताया कि दस मार्च को राजधानी रायपुर में महादेव घाट से लेकर विधानसभा तक मानव श्रृंखला बनाकर विधानसभा के नजदीक पेड़ लगायेंगे जिसमे खारून नदी का जल भी चढ़ायेंगे।

छत्तीसगढ़िया युवा क्रान्ति सेना प्रदेश कार्यकारिणी इस प्रकार है शिवेंद्र वर्मा प्रदेश अध्यक्ष, गोपी साहू प्रदेश महामंत्री, प्रियंकर सेन संगठन मंत्री कंचन दबंग छत्तीसगढ़िया प्रदेश सचिव छत्तीसगढ़िया युवा क्रान्ति सेना रायपुर कार्यकारिणी इस प्रकार है। फार्मासिस्ट राहुल वर्मा संयोजक, मनोज साहू सह संयोजक, टिकेश्वर निषाद अध्यक्ष, रिपु साहू उपाध्यक्ष, भोला साहू उपाध्यक्ष, भावेश साहू सचिव, सूरज साहू सह सचिव, हीरेंद्र साहू सह सचिव, प्रदीप साहू महामंत्री, ऋतुराज संगठन मंत्री, खिलेश्वर साहू मीडिया प्रभारी, योगेश्वर साहू जिला मंत्री, तमेश्वर साहू जिला मंत्री एवम अमन वर्मा सदस्यता प्रभारी बने । इसी आगे कड़ी में अमित बघेल ने कहा किहमारे छत्तीसगढ़ में हसदेव बचाने के लिए10 मार्च कोमानव श्रृंखला निर्माण करना है जिसमें विभिन्न प्रकार केपौधों को एक हाथ से दूसरे हाथों तक बढ़ाते हुए मानव श्रृंखला का निर्माण करना है जिसमें छत्तीसगढ़ के सभी राजनीतिक पार्टी,क्षेत्रीय पार्टी समस्त समाज के प्रमुखों की उपस्थिति के लिए रणनीति बनाई गईजिसमें सभी समाज के प्रमुखों को जिला अध्यक्ष ब्लॉक अध्यक्ष युवा अधयकषके साथ–साथ समाज के सभी नागरिकों को छत्तीसगढ़ हसदेव बचाओ के रूप में मानव श्रृंखला निर्माण में अपनी योगदान देने की भी बात कहीऔर यह भी कहा कि यह कार्य समस्त छत्तीसगढ़ के सभी समाज के लोगों का है अगर हम लोग छत्तीसगढ़ में हसदेव बचाने में सफल रहे तो यह हमारे लिए बहुत गौरव की बात होगी। और हमारी छत्तीसगढ़ महतारी की रक्षा के लिए भी यह कार्य करना जरूरी हैण्और आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में जितने धर्म और संप्रदाय के लोग हैं वे सभीसमाज के लोग उपस्थित होकर हसदेव बचाने के लिए मानव श्रृंखला निर्माण में अपनी भूमिका निभाने की भी बात कही है।

## माचो स्टार गोपीचंद की फिल्म भीमा 8 मार्च को होगी रिलीज




माचो स्टार गोपीचंद इस बार लोगों की निगाहों में चढ़ने के लिए एक अनोखा एक्शन एंटरटेनर भीमा लेकर आ रहे हैं। वह पिछले कुछ समय से एक ठोस हिट का इंतजार कर रहे हैं। प्रमोशनल गतिविधियाँ हाल ही में निर्माताओं द्वारा फर्स्ट ऑफर, टीज़र के अनावरण के साथ शुरू हुईं। वीडियो ने बहुत अच्छे दृश्यों के साथ सकारात्मक चर्चा पैदा की, जबकि गोपीचंद को एक क्रूर पुलिस वाले के रूप में पेश किया गया। यह फिल्म लोकप्रिय कन्नड़ निर्देशक ए हर्ष की तेलुगु पहली फिल्म है और श्री सत्य साईं आर्ट्स के बैनर तले केके राधामोहन द्वारा भव्य रूप से निर्मित है। इस बीच, निर्माता गोपीचंद के एक नए पोस्टर के साथ फिल्म की रिलीज की तारीख के साथ आए, जिसमें वह पुलिस अवतार में क्रूर दिख रहे थे।



## सनी लियोन की स्प्लिट्सविला फाइव के होस्ट के रूप में वापसी

**अभिनेत्री सनी लियोन उन मशहूर हस्तियों में से एक हैं जो टेलीविजन के साथ-साथ फिल्म उद्योग में भी अपने लिए जगह बनाने में सफल रही हैं। जबकि दर्शक उन्हें ऑन-स्क्रीन पसंद करते हैं। वह सबसे प्रसिद्ध भारतीय डेटिंग शो, स्प्लिट्सविला में एक होस्ट के रूप में लोकप्रिय हो गई हैं। अब, अभिनेत्री शो के नए सीज़न की होस्ट के रूप में वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जिसे अस्थायी रूप से स्प्लिट्सविला एक्स5 नाम दिया गया है।**

सनी, जिन्होंने सलमान खान द्वारा होस्ट किए जाने वाले शो बिग बॉस के कई सीज़न में भाग लिया है और अतिथि के रूप में दिखाई दी हैं, निश्चित रूप से स्प्लिट्सविला एक्स5 में कुछ आकर्षण, लालित्य और ओम्फ फैक्टर लाएँगी। इसके पहले अर्जुन बिजलानी, निखिल चिनप्पा और रणविजय सिंह के रूप में इस शो को ऐसे अभिनेताओं द्वारा सह-होस्ट किया गया था। अन्य रियलिटी शो होस्टों के विपरीत, सनी को प्रतियोगियों के साथ शांत, संयमित और मैत्रीपूर्ण व्यवहार करते देखा गया है। दर्शकों ने अक्सर उन्हें अपने सह-मेजबानों के साथ एक अद्भुत बंधन साझा करते हुए भी देखा है। निखिल चिनप्पा ने सनी के साथ काम करने के बारे में बात करते हुए बताया कि अभिनेत्री कैसे सुपर प्रोफेशनल हैं और नकली नहीं हैं। उन्होंने बताया कि कैसे सनी सेट पर दो मिनट लेट होने पर भी लोगों से माफी मांगती हैं। जहां पिछले सीज़न में अर्जुन बिजलानी ने शो की मेजबानी की थी, वहीं तनुज विरवानी को आगामी सीज़न में सनी लियोन के साथ रियलिटी शो की सह-मेजबानी के लिए संपर्क किया गया है।

## बोल्ड ड्रेस पहने शमा सिकंदर ने दिखाई शोख अदाएं

### हॉट फोटोशूट देख फैंस के छूटे पसीने

**एक्ट्रेस शमा सिकंदर अपनी एक्टिंग से ज्यादा अपने बोल्ड ड्रेसिंग सेंस और हॉट लुक्स के लिए फेमस हैं। उनका हर एक फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही सोशल मीडिया पर बवाल मचा देता है।**

हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें उनकी कातिलाना अदाएं देखकर फैंस अपने होश खो बैठे हैं। बता दें कि एक्ट्रेस आए दिन सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें पोस्ट करती रहती हैं।

एक्ट्रेस शमा सिकंदर ने अपने हालिया फोटोशूट की बेहद ही स्टनिंग और बोल्ड फोटोज शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका लुक देखकर लोग उन पर से अपनी नजरें नहीं हटा पा रहे हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। हालांकि फैंस भी उनकी तस्वीरों का बेसब्री से इंतजार करते हैं। शमा सिकंदर ने हाल ही में अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर एक बार फिर से इंटरनेट पर सनसनी मचा दी है। इन तस्वीरों में उनकी कातिलाना अदाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस शमा सिकंदर ने व्हाइट कलर का नेट लुक में ब्रालेट टॉप पहना हुआ है, जिसमें वो काफी बोल्ड नजर आ रही हैं। बालों को वेवी लुक में स्टाइल कर के और साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस शमा सिकंदर ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। शमा सिकंदर अपनी इन फोटोज में कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती हुई कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक पोज देते हुए हॉट फोटोशूट करवाया है।



## बॉक्स ऑफिस पर आर्टिकल 370 की कमाई में वीकेंड पर आया उछाल, क्रैक का हुआ बुरा हाल




सिनेमाघरों में इस हफ्ते 2 फिल्मों के बीच भिड़ंत देखने को मिली। एक ओर यामी गौतम अपनी फिल्म आर्टिकल 370 लेकर आईं तो विद्युत जामवाल की एक्शन से भरपूर स्पोर्ट्स ड्रामा क्रैक रिलीज हुई।पहले दिन विद्युत की फिल्म को मात देने के बाद यामी की आर्टिकल 370 अब दूसरे दिन भी अपनी पकड़ बनाए हुए हैं और इसकी कमाई में उछाल देखने को मिला है।आइए जानते हैं कि शनिवार को किस फिल्म ने कितनी कमाई की है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता आदित्य सुहास जंभाले के निर्देशन में बनी फिल्म आर्टिकल 370 जम्मू-कश्मीर से हटाई गई धारा 370 की कहानी दिखाई गई है।फिल्म ने पहले दिन 5.9 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर अपना खाता खोला था तो अब दूसरे दिन इसकी कमाई में बढ़त देखने को मिली है। शुरुआती आंकड़ों के अनुसार, फिल्म ने शनिवार को 7.5 करोड़ रुपये कमाए हैं और अब इसकी कुल कमाई 13.4 करोड़ रुपये हो गई है।

यामी की आर्टिकल 370 ने इस साल की सबसे ज्यादा ओपनिंग करने वाली फिल्मों में भी तीसरे स्थान पाया है।इससे पहले 2024 की सबसे बड़ी ओपनिंग फिल्मों में ऋतिक रोशन की फिल्म फाइटर (24 करोड़ रुपये) और शाहिद कपूर की फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया (6.5 करोड़ रुपये) शामिल हैं।इसके अलावा आर्टिकल 370 ने 3.55 करोड़ के साथ पहले दिन शुरुआत करने वाली फिल्म द कश्मीर फाइल्स को भी पीछे छोड़ दिया है।

## एक्शन फॉर्म में लौटे नेचुरल स्टार नानी, सारिपोधा सनिवारम से फर्स्ट लुक आउट




साउथ सुपरस्टार नानी दशहरा और हाय नन्ना की जबरदस्त सफलता के बाद अब फिर से बड़े पर्दे पर अपनी एक्शन से भरी जबरदस्त अपकमिंग फिल्म सारिपोधा सानिवारम के साथ धमाल मचाने के लिए तैयार हैं. नानी के बर्थडे पर अपकमिंग फिल्म की पहली झलक सामने आ गई है. फर्स्ट लुक पोस्टर और टीजर में नानी जबरदस्त अंदाज में नजर आ रहे हैं. बता दें कि सारिपोधा सानिवारम की टीजर में साउथ सुपरस्टार नानी एंग्री यंग मैन के रूप में मारधाड़ से भरे जबरदस्त सीन्स करते नजर आ रहे हैं. विवेक अथरेया द्वारा निर्देशित पैन-इंडिया फिल्म में नेचुरल स्टार के साथ ही साउथ एक्टर एसजे सूर्या भी लीड रोल में हैं. नानी के बर्थडे पर फिल्म मेकर ने उनके फैंस को बड़ा सरप्राइज दिया है।

## ममूटी की फिल्म ब्रमायुगम ने वैश्विक स्तर पर 50 करोड़ का आंकड़ा किया पार




ममूटी जो अनूठे विषयों के साथ विभिन्न शैलियों की कोशिश कर रहे हैं, उन्होंने एक बार फिर अपनी नवीनतम हॉरर थ्रिलर ब्रमायुगम के साथ प्रस्तुति दी है। यह फिल्म 15 फरवरी को रिलीज हुई थी, जिसने दर्शकों को अपने रोमांचकारी कथानक से मंत्रमुग्ध कर दिया। फिल्म ने 10वें दिन वैश्विक स्तर पर 50 करोड़ रुपये के क्लब में प्रवेश किया। आलोचकों और दर्शकों से आलोचनात्मक प्रशंसा प्राप्त करते हुए, राहुल सदासिवन का निर्देशन डरावनी शैली में एक सफल और रोमांचक योगदान साबित हुआ है। ब्रमायुगम को मलयालम फिल्म उद्योग के सबसे अनोखे सिनेमाई अनुभवों में से एक माना गया है। भूतकालम फेम निर्देशक राहुल सदासिवन द्वारा निर्देशित यह परियोजना अब 2024 में मलयालम सिनेमा की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में से एक बनकर उभरी है। हाल ही में, ब्रमायुगम के निर्माताओं ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर पुष्टि की कि ममूटी स्टारर ने फिल्म में प्रवेश कर लिया है। रु. मलयालम सिनेमा का 50 करोड़ क्लब. श्वेत-श्याम फिल्म एक रोमांचक सिनेमाई अनुभव का वादा करती है,

जिसमें मुख्य भूमिका में ममूटी हैं, जिन्हें अर्जुन अशोकन, सिद्धार्थ भारतन और अमाल्डा लिज़ का समर्थन प्राप्त है। यह 15 फरवरी, 2024 को मलयालम में और 23 फरवरी को तेलुगु में सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म का निर्माण नाइट शिफ्ट स्टूडियो और वाई नॉट स्टूडियो बैनर के तहत चक्रवर्ती रामचंद्र और एस. शशिकांत द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है।

# खेल




## दिल्ली कैपिटल्स की WPL-2 में पहली जीत

### यूपी वॉरियर्स को 9 विकेट से हराया, लेनिंग-वर्मा के अर्धशतक; राधा को 4 विकेट

**दिल्ली कैपिटल्स ने विमेंस प्रीमियर लीग सीजन-2 में सीजन की पहली जीत हासिल की। टीम ने यूपी वॉरियर्स को 9 विकेट से करारी हार दी। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीतकर फील्डिंग चुनी। यूपी वॉरियर्स ने बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट पर 119 रन बनाए। जवाब में दिल्ली ने टारगेट आसानी से एक विकेट खोकर 14.3 ओवर में चेज कर लिया।**

ओपनर्स शेफाली वर्मा और मेग लेनिंग में साथ में 119 रन बनाए। इसमें लेनिंग ने 51 रन और शेफाली वर्मा ने 64 रन स्कोर किए। वहीं, बॉलिंग में राधा यादव को 4 विकेट मिले। आखिर में जेमिमा रोड्रिग्ज ने चौका लगाकर मैच जिता दिया। मारिजेन कैप को पावरप्ले में शुरुआती 3 विकेट लेने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच मिला।

### दिल्ली ने स्कोर टाई होने तक विकेट नहीं खोया

टारगेट का पीछा करने उतरी दिल्ली की टीम ने कोई विकेट नहीं खोया। मेग लेनिंग और शेफाली वर्मा ने साथ ही 119 रन बना लिए। कप्तान लेनिंग ने 51 रन और शेफाली वर्मा ने 64 रन बनाए। आखिर में 119 रन बन गए, तब मेग लेनिंग ने सोफी एक्लेस्टन को अपना विकेट दे दिया। आखिर में रोड्रिग्ज ने विनिंग शॉट लगाया।




### सहरावत के अलावा कोई 20 रन भी नहीं बना सका

यूपी वॉरियर्स की शुरुआत ठीक नहीं रही। कप्तान और ओपनर एलिसा हीली 13 रन और दिनेश वृंदा 0 रन बना कर आउट हुए। वहीं, ताहलिया मैक्ग्रा 1 रन और ग्रेस हैरिस 17 रन ही बना सके। श्वेता सेहरावत ने पारी संभाली और 45 रन बनाए। श्वेता के अलावा कोई खिलाड़ी 20 रन तक नहीं बना सका। किरण नवगिरे 10 रन, पूनम 10 रन, दीप्ती शर्मा 5 रन और सोफी एक्लिस्टन 6 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, गौहर सुल्ताना 2 रन बनाकर नाबाद रहीं।

दिल्ली की स्पिनर राधा यादव ने कमाल की गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके। उन्होंने ग्रेस हैरिस, किरण नवगिरे, श्वेता सेहरावत और सोफी एक्लिस्टन को चलता किया। राधा के अलावा मारिजेन कैप ने 3 विकेट लिए। उन्होंने पावरप्ले में ही टीम को शुरुआती 3 विकेट दिला दिए। वहीं, अरुणदती रेड्डी और एनाबेल सदरलैंड ने 1-1 विकेट लिए।

### पॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर पहुंचा दिल्ली

पॉइंट्स टेबल में 2 पॉइंट्स के साथ दिल्ली कैपिटल्स दूसरे नंबर पर आ गया है। मुंबई इंडियंस लगातार 2 मैच जीतने के बाद 4 पॉइंट्स के साथ टॉप पर है। वहीं, RCB तीसरे, गुजरात चौथे और यूपी आखिरी स्थान पर है।

## एक नजर

## मोहम्मद शमी ने लंदन में कराई सर्जरी

### लिखा- जल्द ही बॉलिंग करने लगूंगा; पीएम मोदी बोले- आप जल्द रिकवरी करेंगे



टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने सोमवार को लंदन में एड़ी की सफल सर्जरी करवाई। शमी ने अपने सोशल मीडिया पर फोटो पोस्ट कर इस बात की जानकारी दी। शमी ने पिछले साल टीम इंडिया के लिए वनडे वर्ल्ड कप खेला था, इसके बाद से ही वह इंजरी के कारण क्रिकेट नहीं खेल सके। शमी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपनी सर्जरी की जानकारी दी। वहीं पीएम नरेंद्र मोदी ने भी शमी के जल्दी फिट होने की उम्मीद की।

### पीएम मोदी बोले- आप जल्द ही रिकवर हो जाएंगे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी शमी के जल्दी फिट होने की उम्मीद की। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, उम्मीद है कि शमी जल्द रिकवरी कर फिट हो जाएंगे। मुझे विश्वास है कि आप जल्द ही इंजरी से रिकवर कर जाएंगे।

### शमी बोले- जल्दी बॉलिंग करूंगा

शमी ने सोशल मीडिया पर फोटोज पोस्ट कर ल?खा, मेरी एड़ी का सक्सेसफुल ऑपरेशन हुआ। रिकवरी में टाइम लगेगा लेकिन मैं जल्द ही अपने पैरों पर खड़ा होकर बॉलिंग करने के लिए एक्साइटेड हूं।

## डीवाई पाटिल से पंड्या की वापसी

### *रिलायंस-1 की कप्तानी की; 2 विकेट लेकर जिताया, किशन भी खेल सकते हैं*

**मुंबई।** टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने चोट के कारण लंबे ब्रेक के बाद डीवाई पाटिल टी-20 कप से वापसी की है। मुंबई में चल रहे इस टूर्नामेंट में पंड्या ने सोमवार को बीपीसीएल के खिलाफ रिलायंस-1 की कप्तानी की। वे 19 अक्टूबर को पुणे में बांग्लादेश के खिलाफ वर्ल्ड कप मैच के दौरान चोटिल हो गए थे और NCA में रहकर रिहैब कर रहे थे। डीवाई पाटिल क्रिकेट अकादमी में पंड्या ने लो-स्कोरिंग मैच में भारत पेट्रोलियम निगम के दो विकेट चटकाए। हार्दिक ने तीन ओवर में 22 रन देकर दो विकेट चटकाए। वे इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के मौजूदा सीजन में पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस के नए कप्तान के रूप में वापसी की तैयारी कर रहे हैं।




### डीवाई पाटिल कप में 3 ओवर डाले, 2 विकेट भी लिए

टी-20 मुकाबले के दौरान पंड्या ने बैटिंग और बॉलिंग दोनों की। मीडियम स्पीड के 3 ओवर में पंड्या ने 22 रन दिए और 2 विकेट हासिल किए। इससे पता चलता है कि वे अपनी पूरी फिटनेस में वापस आ गए हैं। इनमें से एक विकेट कैच-बोल्ड आउट था। दरअसल, उन्होंने रिलायंस 1 के लिए नई बॉल से ओवर डाला।

वे 10वें नंबर पर उतरे और 4 गेंदों का सामना करते हुए नाबाद 3 रन बनाए। उनकी टीम ने 15 ओवर में 126 रन का स्कोर खड़ा किया।

रिलायंस वन टीम में तिलक वर्मा, नेहल वढेरा, आकाश मधवाल, नमन धीर और पीयूष चावला जैसे मुंबई इंडियन्स के अन्य खिलाड़ी भी शामिल हैं। हालांकि इस साल जून में कैरेबिया और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए 30 साल के ऑलराउंडर हार्दिक की जगह रोहित शर्मा को भारतीय कप्तान बनाया गया है।

## मुंबई के नंबर-10 और नंबर-11 बल्लेबाज ने सेंचुरी बनाई:तनुष और तुषार ने किया कारनामा

### 78 साल पुराने रिकॉर्ड की बराबरी

बड़ौदा के खिलाफ रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल मैच में मुंबई के नंबर-10 और नंबर-11 बल्लेबाजों ने इतिहास रच दिया है। इस मैच में मुंबई की दूसरी पारी में नंबर-10 पर आने वाले तनुष कोटियन ने नाबाद 120 और नंबर-11 पर आने वाले तुषार देशपांडे ने 123 रन की पारी खेली।




यह फर्स्ट क्लास क्रिकेट के इतिहास में सिर्फ दूसरा मौका है जब किसी पारी में नंबर-10 और नंबर-11 बल्लेबाजों ने सेंचुरी जमाई है। इससे पहले 1946 में इंग्लैंड में सरे काउंटी के खिलाफ भारतीय टीम की ओर से चंदु सरवटे और शुते बनर्जी ने नंबर-10 और नंबर-11 पर बैटिंग करते हुए सेंचुरी जमाई थी।

### मुंबई ने बड़ौदा को दिया 600 रन का टारगेट

तनुष और तुषार की सेंचुरी की बदौलत मुंबई ने अपनी दूसरी पारी में 569 रन बनाए और बड़ौदा के सामने जीत के लिए 600 रन का टारगेट रखा है। इससे पहले मुंबई ने अपनी पहली पारी में 384 रन बनाए थे। जवाब में बड़ौदा की पहली पारी 348 रन के स्कोर पर सिमटी थी।

### 337 रन पर गिर गए थे 9 विकेट

दूसरी पारी में मुंबई के 9 विकेट 337 रन के स्कोर पर गिर गए थे। इसके बाद तनुष और तुषार ने आखिरी विकेट के लिए 232 रन की पार्टनरशिप कर दी। तनुष ने अपनी पारी में 129 गेंदों का सामना किया और 10 चौके और 4 छक्के जमाए।

## नील वैगनर ने इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कहा

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए न्यूजीलैंड टीम में नहीं मिली जगह




न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज नील वैगनर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। वैगनर ने यह फैसला चयनकर्ताओं की ओर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज में उन्हें नहीं चुने जाने की जानकारी दिए जाने के बाद लिया है। वैगनर ने अपने संन्यास का ऐलान मंगलवार को न्यूजीलैंड टीम के चीफ कोच गैरी स्टीड के साथ प्रेस कांफ्रेंस में किया। वह फर्स्ट क्लास क्रिकेट खेलना जारी रखेंगे। वहीं टीम मैनेजमेंट ने उनसे पहले टेस्ट में टीम के साथ बने रहने का अनुरोध किया है। 37 साल के वैगनर ने पिछले हफ्ते न्यूजीलैंड टीम के चीफ कोच गैरी स्टीड के साथ भेंट की थी। चीफ कोच ने उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की घरेलू सीरीज में नहीं चुने जाने की पुष्टि की थी।

### न्यूजीलैंड के लिए 64 टेस्ट खेल चुके हैं

वैगनर मूल रूप से साउथ अफ्रीका के रहने वाले हैं। वे न्यूजीलैंड शिफ्ट हो गए थे। उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए 64 मैच खेले हैं। जिसमें 3.13 की इकोनॉमी रेट से 260 विकेट ले चुके हैं।

# कलेक्टर ने लिया जनपद सीईओ, कृषि विभाग, सहकारी पंजीयक,पीएम आवास विभाग की बैठक

## पीएम आवास निर्माण कार्य में प्रगति लाने नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।



कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के जनपद सीईओ, कृषि विभाग, सहकारी पंजीयक और पीएम विभाग की बैठक ली। उन्होंने केंद्र एवं राज्य शासन की कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु बेहतर कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जनपद सीईओ को नियमित क्षेत्र का भ्रमण कर संचालित कार्यों की प्रगति के बारे में समीक्षा करने कहा। कलेक्टर ने महतारी वंदन योजना के पात्र, अपात्र हेतु आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए है। महतारी वंदन योजना हेतु दावा आपत्ति की प्रक्रिया प्रारंभ है प्रविष्टि करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, जनपद सीईओ, कृषि विभाग, पीएम आवास जिला समन्वयक, उपस्थित थे। कलेक्टर ने सिकल सेल एनीमिया जांच, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड अपडेट, किसान क्रेडिट कार्ड बनाने जैसे कार्यों को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने पंचायत में विजिट कर किसान मितान से संपर्क करें और शत प्रतिशत किसान क्रेडिट कार्ड बनाना सुनिश्चित करें जिससे अधिक से अधिक किसानों को लाभ दिया जा सके। उप संचालक कृषि ने बताया कि केसीसी कार्ड 27 हजार से अधिक हितग्राही के बनाए जा चुके हैं। कलेक्टर ने सिकलसेल के जागरूकता अभियान चलाने कहा एवं अधिक से अधिक जांच करने कहा तथा इसके लिए पंचायत में बेहतर मोबिलाइजेशन करें। जिससे सिकल सेल एनीमिया की जांच हो सके। उन्होंने लक्ष्य आधारित कार्य को शत.प्रतिशत समय पर पूर्ण करने कहा। उन्होंने पीएम आवास निर्माण कार्य में प्रगति की जानकारी ली तथा हितग्राहियों को प्रेरित कर निर्माण कार्य समय अवधि में पूर्ण करने कहा। कलेक्टर ने मकान वार सूची बनाने की निर्देश दिए तथा हितग्राही से चर्चा कर पूर्ण करने के समय की जानकारी ले तथा नियमित मॉनिटरिंग करें। जिनके मकान बनाने हेतु राशि स्वीकृत थे लेकिन राशि का दुरुपयोग हितग्राही द्वारा किया गया है सूची बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने दिव्यांग कैंप, आयुष्मान कार्ड, श्रम वैन हेतु कार्य योजना बनाने की निर्देश दिए।



# एयरपोर्ट में पकड़ा गया 50 लाख से भी ज्यादा रुपए का सोना

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।




स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट में एक यात्री सोना प्राप्त होने की खबर आई है जो छत्तीसगढ़ में दुबई के रास्ते तस्करी कर लाए गए सोने की बड़ी खेप का रायपुर में बरामद किया गया है। आरोपी लखनऊ रायपुर इंडिगो फ्लाइट से माना एयरपोर्ट पहुंचा था। फिलहाल सोने की खेप किसे पहुंचाई जानी थी, इसकी जानकारी खबर प्रकाशन तक नहीं आई है। जानकारी के अनुसार डीआरआई को विशिष्ट खुफिया इनपुट मिला था कि शारजाह के रास्ते गोल्ड की बड़ी खेप रायपुर आने वाली है। खुफि या इनपुट पर डीआरआई टीम माना एयरपोर्ट में अलर्ट थी। जांच के दौरान इंडिगो की नियमित फ्लाइट से लखनऊ से रायपुर हवाई अड्डे पर आए एक यात्री को रोक कर तलाशी ली गई तो उसके पास एक पैकेट में पेस्ट के रूप में 1160 ग्राम सोना बरामद हुआ। यात्री ने इसे अपने कपड़ों में छिपा हुआ था। तलाश में सोने के पेस्ट से 99.99: शुद्धता वाला 1080 ग्राम सोना प्राप्त हुआ, जिसका मूल्य 67,36,522 रुपए रुपए आंका गया है। डीआरआई से मिली जानकारी के अनुसार यात्री ने अपने स्वैच्छिक बयान में पकड़े गए पैक्स ने पेस्ट के रूप में सोना ले जाने की बात स्वीकार करते हुए बताया कि वह शारजाह से लखनऊ तक की अंतरराष्ट्रीय उड़ान में और फिर उसी उड़ान के घरेलू चरण के दौरान लखनऊ से लाया था। फिलहाल छुपाए गए सोने को यात्री से बरामद कर लिया है।

# विश्व कराटे प्रतियोगिता में स्नेहा बंजारे को सिल्वर मैडल मिलने पर वित्त मंत्री ओपी ने दी बधाई

जोहार छत्तीसगढ़ - रायगढ़।




यूएई में आयोजित विश्व कराटे चैंपियन शिप 2024 प्रतियोगिता में 11 देशों के खिलाड़ियों को पराजित कर सिल्वर मैडल हासिल करने वाली प्रदेश की प्रतिभावान बेटी स्नेहा बंजारे को रायगढ़ विधायक

रायगढ़ विधायक एवम वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बधाई दी है। स्नेहा की यह उपलब्धि न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे देश के लिए गौरव शाली उपलब्धि है। उक्त बाते वित्त मंत्री ओपी ने आज निवास स्थान रायपुर में स्नेहा बंजारे को बधाई दी के दौरान कही। इस उपलब्धि पर मंत्री श्री चौधरी ने बधाई देते हुए स्नेहा के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की है। स्नेहा बंजारे की मेहनत और सफलता को प्रदेश की बेटियों के लिए प्रेरणादायक बताते हुए वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा बेटिया अब प्रदेश का नाम देश में रोशन कर रही है।

स्नेहा राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में स्वर्ण और रजत पदक हासिल कर पूरे प्रदेश का नाम रोशन कर चुकी हैं। स्कूल पढ़ाई के दौरान एसजीएफआई में डीएवी स्कूल से खेलते हुए मेडलिस्ट रही स्नेहा ने सीनियर वर्ग के 68 किलोग्राम भार वर्ग में सिल्वर मेडल प्राप्त कर पूरे देश को गौरवान्वित किया है। इस प्रतियोगिता के लिए भारत से 49 खिलाड़ियों चयन किया गया था, जिनमें छत्तीसगढ़ से इस स्पर्धा में प्रतिनिधित्व करने वाली वह एकमात्र महिला खिलाड़ी रही।

# कलेक्टर, एसपी और सीईओ पहुंचे पीएम प्राथमिक शाला पहाड़ी कोरवा बालक आश्रम बालाछापर

*रात्रि में बच्चों के साथ कलेक्टर, एसपी और सीईओ ने बैठकर किया भोजन, बच्चे अपने बीच कलेक्टर को पाकर हुए बेहद खुश*

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।



**बच्चों से मिलकर हाल-चाल जाना, उज्जवल भविष्य की कामना**




कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल, पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह और जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार ने पीएम शासकीय प्राथमिक शाला पहाड़ी कोरवा बालक आश्रम बालाछापर जशपुर पहुंचे। उन्होंने बच्चों से मिलकर हाल.चाल जाना, पढ़ाई की जानकारी ली। पहाड़ी कोरवा और बिरहोर बच्चों ने कलेक्टर, एसपी और सीईओ को अपने बीच पाकर बेहद हर्षित हुए। कलेक्टर ने बच्चों से भविष्य में क्या बनने का बारे में पूछा। बच्चों ने शिक्षक, कलेक्टर, पुलिस, बड़े अधिकारी बनने की इच्छा प्रकट की। कलेक्टर ने सभी बच्चों को नियमित कठिन परिश्रम कर उज्जवल भविष्य की कामना की। कलेक्टर ने बच्चों को बिस्किट एवं मिठाई भी वितरण किया। कलेक्टर डॉ. मित्तल भोजन की गुणवत्ता, साफ-सफाई, स्वास्थ्य की स्थिति से भी अवगत हुए। कलेक्टर, एसपी और सीईओ ने रात्रि में बच्चों के साथ भोजन पूर्व प्रार्थना कर साथ में भोजन किया। सभी बच्चों ने कलेक्टर के साथ भोजन करके बेहद खुश नजर आए। इस दौरान सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग पीसी लहरे सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को भोजन की गुणवत्ता, साफ-सफाई, बिजली व्यवस्था, पानी एवं अन्य आवश्यकताओं की व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

## एक नजर

### सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार में बाधा डालने वाले होर्डिंग को हटाया जाएगा-सीएमओ राजेश पांडेय

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।




भारत सरकार और छत्तीसगढ सरकार की योजनाओं को प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल और होर्डिंग आदि के माध्यम से सरकार द्वारा प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। नगरपालिका सारंगढ़ द्वारा सरकार की योजनाओं का जन-जन तक विभिन्न शिविर के माध्यम से योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। कतिपय व्यक्ति, समाज और संस्था द्वारा लगातार नगरीय क्षेत्र के सरकार के योजनाओं के होर्डिंग पर बाधा पहुंचाते हुए अपने द्वारा प्रिंट फ्लेक्स को लगाया जा रहा है। इससे लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ नही पहुंच रहा है। किसी के अधिकृत स्थानों पर, किसी भी अनधिकृत व्यक्ति, संस्था द्वारा ऐसे होर्डिंग्स लगाए जाएंगे तो उन पर नगरपालिका लगातार कार्यवाही करेगा।

### पीएम मोदी करेंगे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के 16वें किश्त का वितरण

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश भर के किसानों को यवतमाल महाराष्ट्र से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 16वीं किस्त की राशि 28 फरवरी को जारी की जायेगी। जिसका प्रसारण वेबकास्ट के माध्यम से किया जाएगा। इस दिवस को पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। सारंगढ़.बिलाईगढ़ जिले में सभी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी मुख्यालय में तथा जिला स्तर पर कृषि विज्ञान केन्द्र रायगढ़, भाटापारा में यह कार्यक्रम मनाया जायेगा। जिसमें जिले के अधिकाधिक लाभार्थी कृषकों, कृषक मित्रों, जनप्रतिनिधियों की सहभागिता होगी। उप संचालक कृषि, आशुतोष श्रीवास्तव ने सभी कृषक बन्धुओं से अपील किया है कि अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी मुख्यालय में 28 फ रवरी को उपस्थित होकर पीएम किसान उत्सव दिवस के वेबकास्ट प्रसारण में सहभागी बने। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत भारत सरकार द्वारा पात्र कृषि भूमि धारक पंजीकृत कृषकों को प्रति वर्ष 3 किस्त में कुल राशि 6000 उनके आधार लिंक एवं डीबीटी एक्टिव, चालू बैंक खातें में अंतरित की जाती है। जिन कृषकों का ईकेवाईसी,आधार सीडिंग एवं लैंड सीडिंग कार्य पूर्ण है। उनके बैंक खातें में किस्त की राशि अंतरित होता है। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में 62115 कृषकों के बैंक खातें में राशि 1699.22 लाख अंतरित किया जाना है।

### प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 16वीं किश्त की राशि जारी होगी 28 फरवरी को

वेबकास्ट के माध्यम से होगा प्रसारण, कृषि विज्ञान केंद्र डूमरबाहर में कार्यक्रम आयोजित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

प्रधानमंत्री द्वारा 28 फ रवरी 2024 को यवतमाल, महाराष्ट्र से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 16वीं किश्त की राशि जारी की जायेगी। जिसका प्रसारण वेबकास्ट के माध्यम से किया जाएगा। इसी तारतम्य में जिले के कृषि विज्ञान केंद्र डूमरबाहर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 16वीं किश्त की राशि जारी का प्रसारण के लिए 28 फरवरी 2024 को कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कृषि विभाग के उप संचालक ने कृषि विज्ञान केंद्र डूमरबाहर में आयोजित कार्यक्रम में अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभ लेने की अपील की है।

समय सीमा की बैठक आयोजित

# समय-सीमा के लंबित प्रकरणों को समय पर निराकरण करने के निर्देश दिए

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।





कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने विभागवार समय.सीमा के लंबित प्रकरणों की जानकारी ली और समय-सीमा में लंबित प्रकरणों को निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने शासन के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी ली। बेहतर क्रियान्वयन करने निर्देश दिए। उन्होंने महतारी वंदन योजना के सफल क्रियान्वयन और पात्रता रखने वाले सभी महिलाओं को योजना का लाभ दिलाने के लिए उनका पंजीयन हो गया है। दावा आपत्ति के प्रकरण को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होने सीएम हाउस बगिया से प्राप्त मांग, समस्या, जांच जैसे आवेदन को प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने लोक सेवा केन्द्र में प्राप्त आवेदन पत्रों का समय पर निराकरण सुनिश्चित करने निर्देश दिए। उन्होंने जिला अस्पताल, सामुदायिक, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्रों का राजस्व अमला को निरीक्षण करने निर्देश दिए तथा मरीजों का चिकित्सा सुविधा बेहतर हो सुनिश्चित करने कहा।

उन्होंने छात्रावास अधीक्षकों, मंडल संयोजक, स्वास्थ्य अमला, आंगनबाड़ी केंद्रों में बेहतर क्रियान्वन के लिए ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को क्लस्टर स्तर के अधिकारी कर्मचारियों के कार्यों की गतिविधियों मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्र में साफसफाई नियमित करने के निर्देश दिए। उन्होंने दिव्यांगजनों के लिए नि:शुल्क पास बनाने हेतु समाज कल्याण विभाग को जिला परिवहन कार्यालय में पात्र दिव्यांगजनों की जानकारी उपलब्ध कराने कहा। इस दौरान कलेक्टर ने सशक्त जशपुर अभियान के प्रगति की जानकारी ली। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, अपर कलेक्टर आई एल ठाकुर,आर पी चौहान, सर्व एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर एवं सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की ली बैठक

*अग्नि वीर भर्ती परीक्षा के लिए पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ है जिले के युवाओं को अधिक से अधिक लाभ मिले मोटिवेट करने के निर्देश दिए*

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

**कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने मुख्यमंत्री के दौरा कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों की ड्यूटी लगाने, शासकीय, सामाजिक कार्यक्रम जैसे गतिविधियों के लिए चेक लिस्ट बनाने कहा।**






उन्होंने मुख्यमंत्री की घोषणा को प्राथमिकता से मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एसडीएम सहित राजस्व अमला को आश्रम छात्रावास, स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करने कहा। उन्होंने छात्रावास अधीक्षकों, मंडल संयोजक, स्वास्थ्य अमला की उपस्थिति सुनिश्चित करने नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने मंडल संयोजक को छात्रावास में जाकर बच्चों के साथ भोजन करने कहा। उन्होंने न्योता भोज के माहवार शेड्यूल बनाने की निर्देश दिए जिस समय-समय पर कब कहां क्या कार्यक्रम होगा सुनिश्चित हो सके।बैठक में अग्नि वीर भर्ती परीक्षा, महतारी वंदन योजना, राजस्व शिविर के संबंध में चर्चा किया गया।। उन्होंने अग्नि वीर सैनिक भर्ती के लिए जिले के युवाओं को अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सके लक्ष्य अनुसार प्रचार प्रसार करने एव मोटिवेट करने के निर्देश दिए। उन्होंने राज्य शासन की महतारी वंदन योजना फॉर्म भरने के पश्चात दावा आपत्ति प्रारंभ है। समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व प्रकरण की निराकरण के लिए पंचायत में ग्राम वार शिविर लगाए जा रहे हैं। प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए तथा लाभांवित हितग्राहियों से चर्चा करने कहा। उन्होंने राजस्व शिविर निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने तहसीलवार राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। उन्होने नामांतरण एवं बंटवारा सहित राजस्व के लंबित प्रकरणों को समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत निर्धारित तय सीमा में राजस्व प्रकरणों के निराकरण सुनिश्चित करें एवं जो प्रकरण समय-सीमा के बाहर के है उन्हे प्राथमिकता से पहले पूर्ण करें और विभागीय पोर्टल पर अपलोड करें। उन्होने तहसीलदारों को पटवारियों की बैठक में राजस्व प्रकरणों के निराकरण की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आरबीसी छह.चार के तहत आर्थिक सहायता के लिए प्राकृतिक आपदा की घटना होने पर पटवारियों को मौके पर जकार परीक्षण करने और प्रतिवदेन तहसीलदार को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने रिकार्ड दुरस्तीकरण, व्यपवर्तन, डिजीटल हस्ताक्षर, आधार प्रविष्टी, अभिलेख शुद्धता,नक्शा नवीनीकरण आदि प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर आई एल.ठाकुर, आरपी चौहान और सर्व एसडीएम उपस्थित थे।

# 10 मार्च तक आवेदन का निराकरण नहीं होने पर तार घेरा,सातवीं बार कलेक्टरेट के जनदर्शन में लगा आवेदन

## सरपंच, पटवारी, राजस्व अधिकारी पर लगे गंभीर आरोप,आखिर कब तक प्रकरण का निराकरण करेगी प्रशासन

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।






बलौदाबाजार भाटापारा जिले में राजस्व के शिकायत के मामले थमने का नाम नहीं ले रहा है एक के बाद एक शिकायत आते जाते रहता है और आज इसी तारतम्य में लगभग सातवीं बार कलेक्टर के जनदर्शन में छक्कन दास मन्हरे निवासी ग्राम तुरमा के अधेड़ उम्र के व्यक्ति ने कलेक्टर से आवेदन करते हुए अपने राजस्व के मामले के दुरुस्ती एवं सरपंच पटवारी एवं राजस्व अधिकारी पर रिकॉर्ड को छेड़छाड़ एवं जालसाजी जैसे काम करने तथा गलत पंचनामा तैयार करके आवेदन को खारिज करने जैसे कार्य किया जिसके विरुद्ध में कार्यवाही हेतु आवेदन दिए जिसमें छक्कन दास मन्हरे ने बताया कि वहां तुरमा के मूल निवासी है और उनका खसरा नंबर में छेड़छाड़ हुआ है और आज इसी वजह से वह लगभग 2017 से आज दिनांक तक तहसीलदार, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस,थाना, एसपी कार्यालय,कलेक्टर कार्यालय यहां तक की मंत्री और मुख्यमंत्री तक भी आवेदन चला गया है और राज्यपाल तक में आवेदन जाने के बाद भी आज दिनांक तक प्रशासन की कार्यवाही संपूर्णता संतुष्टि पूर्ण नजर नहीं आ रही है छक्कन दास मन्हरे के आवेदन की बात करें तो उनका मामला कई तरह का है जिसमें रिकार्ड दुरूस्ती,सीलिंग जमीनएपट्टा बननाएगांव के खसरे पर छेड़छाड़ तथा सरपंच के अतिक्रमण के मामले को लेकर भी है और मुद्दे कई तरह के हैं इस हेतु प्रकरण का निराकरण उस तरह से नहीं हो पाया जिस तरह से होना चाहिए अतः छक्कन दास मन्हरे ने जिला स्तरीय टीम की जांच करने हेतु कलेक्टर से मांग की है


**क्षेत्रीय राजस्व मंत्री होने के बावजूद जिले में यह आलम**

क्योंकि लगातार 2017 से लेकर आज दिनांक तक भाटापारा तहसील से जांच की जाती है मगर तत्कालीन रहे पटवारी अयुब खान और अभी वर्तमान में राधेश्याम बर्मन मगर उनके द्वारा ही यह रिकॉर्ड दुरुस्ती में छेड़छाड़ जैसे कार्यों को किया गया है और उनका खसरे में छेड़छाड़ के वजह से ही जो वसीयतनामा के आधार पर जो जमीन उनके रिकॉर्ड पर चढ़ी हुई थी आज वह मध्य प्रदेश शासन अर्थात घास जमीन में तब्दील हो गया है जिससे वह आज आर्थिक तंगी से भी गुजर रहे क्योंकि लगातार तहसील से लेकर कलेक्टर और मंत्री राज्यपाल तक चक्कर काटते काटते थक चुके हैं और आज आलम यह है कि उन्होंने आवेदन देते हुए कहा कि अगर 10 मार्च तक उनके आवेदन का निराकरण नहीं किया गया तो वह तार घेरा कर देंगे अब देखने वाली बात यहां होगी की खबर की लगने के बाद व आवेदन के आधार पर प्रशासन मामले को किस तरह से संज्ञान में लेते हैं खबर अभी बाकी है वह अगले अंग में प्रशासन की जाएगी।

# अतिथि व्याख्याता हितार्थ आयुक्त,सचिव उच्च शिक्षा एवं उच्च शिक्षा मंत्री को प्रेषित पत्र

## शासकीय महाविद्यालयों के अतिथि व्याख्याताओं की नियुक्ति शैक्षणिक सत्र 2023-24 के तहत उनकी सेवाएं जारी रखने का आग्रह किया-प्रदेश अध्यक्ष लव कुमार वर्मा

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।




उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर अटल नगर के 7 जुलाई 2023 के पत्र का हवाला देते बताया कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 हेतु शासकीय महाविद्यालयों में रिक्त प्राध्यापकों एवं सहायक प्रध्यापकों के रिक्त कुल 2047 पदों के विरुद्ध स्वीकृत मापदंडों एवं एवं दरों पर प्रति व्याख्यान 300 अधिकतम 1200 प्रतिदिन और अधिकतम 31200 प्रतिमाह के मानदेय पर अतिथि व्याख्याता द्वारा अध्यापन की व्यवस्था हेतु गत वर्ष की भांति शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए 10 माह हेतु अतिथि व्याख्याता की नियुक्ति की सहमति दी गई है यह स्वीकृति वित्त विभाग के जावक क्रमांक 876,07 जुलाई 2023 द्वारा दी गई सहमति के आधार पर जारी की गई है। तदनुरूप ही छत्तीसगढ़ के शासकीय महाविद्यालयों में अतिथि व्याख्याताओं की नियुक्ति शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए हुई है। लेकिन कुछ महाविद्यालय में से इस शैक्षणिक सत्र में नियुक्त अतिथि व्याख्याता की सेवा समाप्ति के लिए फरमान जारी किया गया है। जिसे निरस्त कर शैक्षणिक सत्र 2023-24 के अवधि तक के लिए इस सत्र में नियुक्त अतिथि व्याख्याताओं की सेवाएं जारी रखने की मांग प्रदेश अध्यक्ष ने आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय इंद्रावती भवन नवा रायपुर, सचिव उच्च शिक्षा मंत्री विभाग छत्तीसगढ़ शासन मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर, अटल नगर को पत्र प्रेषित कर की है। जिसकी प्रतिलिपि राज्य के उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन को प्रेषित कर उनसे आग्रह किया है कि इस सत्र में नियुक्त इन अतिथि व्याख्याताओं की सेवाएं इस शैक्षणिक सत्र अवधि तक ली जाए तथा उच्च शिक्षा मंत्री अग्रवाल से लम्बे समय से इस पद पर कार्य कर रहे है।

# अवैध रूप से एमपी शराब डंप करके रखने वाले कोचिया को किया गिरफ्तार

## आरोपी अपने घर के कोठार में भारी मात्रा में एमपी शराब किया था डंप

जोहार छत्तीसगढ़-बालौदबजार।







अभियान सृजन के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा अवैध जुआ सटटा एवं अवैध शराब के उपर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये थे, जिसके पालन में अति.पुअ. हरीश यादव एंव उप पुलिस अधीक्षक राजेश श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी थाना गिधपुरी निरीक्षक नरेश दीवान के कुशल नेतृत्व में धरपकड़ कार्यवाही हेतु स्टाप रवाना हुआ था। कि 26 फरवरी 2024 को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम तेलासी के एकलब्य पूरेना अपने गाय रखने के कोठार मे भारी मात्रा मे शराब बिक्री करने हेतु रखा है। कि सूचना तस्दीक पर हमराह स्टाफ एवं गवाहान के रेड कार्यवाही कर आरोपी 1. एकलब्य पूरेना पिता सहस राम पूरेना उम्र 45 साल साकिन तेलासी थाना गिधपुरी को अवैध शराब के साथ रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपी से 04 भूरा कार्टून मे प्रत्येक मे 50.50 पौवा कुल 200 पौवा एमपी अंग्रेजी गोवा शराब जुमला 36 लीटर कीमती 22000 को समक्ष गवाहन के वजह सबुत मे जप्त कर कब्जा पुलिस मे लिया गया। आरोपी का कृत्य अपराध धारा 34;2, 36 आबकारी एक्ट का घटित करना पाए जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में चंद्रशेखर माहेश्वरी, देवप्रसाद मल्होत्रा, विजेंद्र निराला का विशेष योगदान रहा।

# अवैध रूप से ईंट निर्माण पर राजस्व, खनिज एवं पुलिस विभाग की संयुक्त कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।





एसडीएम पाली एवं राजस्व अमला के साथ खनिज एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम सरायपाली में अवैध रूप से कच्चे ईंट निर्माण के विरूद्ध कार्यवाही की गई। मौके पर काफी मात्रा में ईंट पाया गया है, जिसको लेकर विधिवत कार्यवाही की जा रही है। मौके पर बृजलाल पिता मुकुंद से लगभग 20 हजार ईंट, बुधवार पिता गोरेलाल से 10 हजार ईंट और जानकुंवर पति पवन सिंह के ईंट भट्ठे से 25 हजार ईंट जब्त करने की कार्यवाही की गई है। उपरोक्त लोगों द्वारा पूछताछ में प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य के लिए ईंट बनाने संबंधित जानकारी दी गईए लेकिन उक्त व्यक्तियों में किसी भी व्यक्ति का नाम प्रधानमंत्री आवास की सूची में नहीं पाया गया है। कार्यवाही के दौरान जानकुंवर के घर से लगभग 01 ट्रैक्टर अवैध रूप से भंडारित कोयला भी जब्त किया गया है। उपरोक्त सभी मामलों में अनावेदकों के विरूद्ध विधिवत् कार्यवाही की जा रही है।

हाल ही में एसईसीएल के दीपका अंतर्गत हरदीबाजार में कोयला चोरी के दौरान खदान में दबकर तीन लोगों की मृत्यु हो गई थी। प्रशासन ने इसे गंभीरता से लेते हुए भविष्य में फिर इस तरह की घटना न हो इस उद्देश्य से कोयला चोरी करने वाले लोगों को समझाइश देने के साथ ही आवश्यक कार्यवाही भी की जा रही है।

## एक नजर

### हाथी मानव द्वंद से बचने सारंगढ़ बिलाईगढ़ वनमण्डल द्वारा नागरिकों से अपील

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़-बिलाईगढ़।

जिले के वन क्षेत्र में हाथी दल द्वारा विचरण किया जा रहा है। सारंगढ़ बिलाईगढ़ वनमण्डल द्वारा जिले के नागरिकों से हाथी से बचने हेतु अपील किया गया है। इसके साथ ही बचाव संबंधी उपाय का पालन करने कहा गया है। हाथी आने की सूचना निकटवर्ती वन कर्मचारी को तुरंत देवें। सभी घरों के बाहर पर्याप्त रोशनी करके रखें, ताकि हाथी के आने से पहले ही दूर से पता चल जायें। हाथियों का सामना होने की स्थिति में उससे ज्यादा से ज्यादा दूरी बना कर रखें। हाथी विचरण क्षेत्र में अपने ग्रामों के वृद्ध, अपाहिज और छोटे बच्चों की सुरक्षा का खास ध्यान रखें। जन-धन हानि होने की स्थिति में बदले की भावना से प्रेरित होकर हाथियों के पास न जायें, बल्कि वन विभाग को सूचित कर मुआवजा राशि की प्रक्रिया करवाने में सहयोग करें। पहाड़ी स्थानों में सामना होने की स्थिति में पहाड़ी की ढलान की ओर दौड़े, ऊपर की ओर नहीं क्योंकि हाथी ढलान में तेज गति से नहीं उतर सकता, परन्तु चढ़ाई में वह दक्ष होता है। वन विभाग द्वारा बताये गये सुरक्षा संबंधित निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करें। मानव हाथी द्वंद से बचाव हेतु क्या न करें किसी भी प्रकार का शोरगुल व हल्ला न करें और उस क्षेत्र को तुरंत छोड़ देवें। सेल्फी एवं फोटो लेने की उत्सुक्ता से भी हाथी के नजदीक बिल्कुल भी न जावें, यह प्राण घातक हो सकता है। हाथियों को फसल लगे खेतों में होने की स्थिति का पता चलने पर उन्हें खदेड़ने हेतु उनके पास न जावें, न ही जाने का प्रयास करें। हाथियों को गुलेल, तीर, मशाल व पत्थरों से बिल्कुल न मारें इससे वे आक्रमक होकर आपकी दिशा में बढ़कर जनहानि कर सकते हैं। हाथी विचरण क्षेत्रों में देशी शराब व महुआ से बनी शराब न बनायें भंडारण न करें, हाथियों को शराब की गंध दूर से आकर्षित करती है। महुआ खाने वे घरों तक आ जाते हैं। हाथियों के विचरण क्षेत्रों में तेंदूपत्ता, पटु, छतनी, बांस के संग्रह के लिये एवं मवेशी चराने ना जायें। शौच के लिए खुले खेत व जंगल से लगे स्थानों पर न जायें, घरों में बने शौचालयों का इस्तेमाल करे।

### ग्राम - चारमार में अष्टप्रहरी नामयज्ञ सम्पन्न

जोहार छत्तीसगढ़ - घरघोड़ा।



भगवान चैतन्य महाप्रभु के प्रति अगाध श्रद्धा और भक्ति के प्रतीक माने जाने वाला अष्टप्रहरी नाम यज्ञ ग्राम - चारमार में भक्तिमय एवं संगीतमय माहौल में सम्पन्न हुआ । सभी ग्रामीण जन धार्मिक आस्था से सराबोर हो कर पूरा गाँव नाम यज्ञ के भक्ति रस में डूबा रहा। विगत दो दिनों तक पूरा गाँव हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे ! हरे राम हरे राम, राम - राम हरे राम। के महा मंत्र जाप से गूंजता रहा। इस महा यज्ञ में ग्राम बहिरकेला, छोटे गुमड़ा, कटंगडीह, झरियापाली, तुमीडीह, बिजना, जकेला, गोतमा के संकीर्तन मंडली ने बड़चड़ कर भाग लेकर नाम यज्ञ का शोभा बढ़ाकर पुण्य के भागी बने। पूर्णाहुति पश्चात संकीर्तन मंडलियों के द्वारा नगर कीर्तन किया गया। जो कि रात्रि लगभग 12 बजे तक चलता रहा। नगर कीर्तन का गाँव वालों ने अपने - अपने घर के सामने कलश स्थापित कर स्वागत किया गया। रात्रि में महाप्रसाद वितरण किया गया, गाँव में जगह - जगह पर श्रद्धालुओं के द्वारा जलपान की व्यवस्था की गई थी। लोगों कि लोक आस्था ने कार्यक्रम को भव्यता और दिव्यता प्रदान कर रहा था। पूर्णाहुति पश्चात महाप्रसाद की व्यवस्था की गई थी जिसे सभी ने ग्रहण किया । गाँव के सभी ग्रामीण जन भक्त गण भारी मात्रा में महाप्रसाद ग्रहण किए। अष्टप्रहरी नाम यज्ञ को सफल बनाने में गाँव के सभी लोगों के साथ युवा साथियों का भी विशेष योगदान रहा।

### पत्नी से मारपीट

**रायपुर** । पुलिस लाइन कोतवाली में घरेलू विवाद को लेकर पति ने पत्नी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया गीतांजली भाठ 23 वर्ष पुलिस लाइन कोतवाली की रहने वाली है। बताया जाता है कि आरोपी पति निखिलेश भाठ ने घरेलू विवाद को लेकर प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया।

# लैलूंगा क्षेत्र में गरज, चमक के साथ हुई तेज बारिश

## ओलावृष्टि से दलहन, तिलहन व सब्जियों के फसलों को पहुंच सकती है नुकसान

जोहार छत्तीसगढ़ - लैलूंगा।



इन दिनों फरवरी माह के बसंत ऋतु कि सर्द हवाओं के साथ - साथ संपूर्ण छत्तीसगढ़ के विभिन्न हिस्सों में तेज हवाएँ चलने लगी है । साथ ही साथ पिछले कई दिनों से घने बादल छाई हुई है, तथा 27 फरवरी 2024 को अचानक आंधी तुफान एवं गरज, चमक के साथ बेमौसम बारिश के साथ कुछ हिस्सों में ओलावृष्टि होने से लैलूंगा क्षेत्र के कई गाँव के किसान भाईयों के द्वारा कि गई रवि फसल जैसे आलू, मटर, प्याज, लहसून, लौकी, कद्दू, टमाटर आदि सब्जियों कि फसलों को काफी नुकसान पहुंचने कि संभवना है । वहीं अचानक हुवे बेमौसम बारिश से आम जनजीवन अस्त व्यस्त सी हो गई है । पिछले कुछ महिने से अचानक ही मौसम खराब होने के साथ तुरंत बारिश हो जाती है । जिससे ठण्ड बढ़ने लग जाती है , तो कभी तिव्र धूप के कारण पारा बढ़ने लगाती है । जिसके कारण आम लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकुल असर पड़ने से सर्दी जुकाम सहित तेज बुखार व पतला दस्त होने कि संभावना बनी रहती है ।

लोगों को यह समझ में नही आती कि वे पानी से बचने के लिए छाते का इस्तेमाल करें या कि धूप से बचने के लिए करें । फिलहाल अचानक हुवे इस बरसात से लोग यदि सावधानी नही बरतेंगे तो स्वास्थ्य खराब होने कि और अधिक संभावना बनी रहेगी । अब यह देखना होगा कि ओलावृष्टि से कितने किसानों कि दलहन व तिलहन तथा सब्जियों कि फसलें खराब हुई है यह तो कृषि विभाग के नुमाइंदों के सर्वे रिपोर्ट के बाद ही पता चल सकेगा । बारिश थमने के कुछ मिनटों बाद ठण्ड बढ़ने से लोग बाग ठण्ड से बचने के लिए आग का सिगड़ी, गोरसी एवं आलाव का सहारा लेने लगे हैं क्योंकि ठण्ड ने लोगों कि चिंता बढ़ा दी है । कुछ दिनों तक अत्यधिक ठण्ड के रहने कि संभावना है ।

# अवैध रेत उत्खनन और ईंट भट्ठों पर करें कार्यवाही-कलेक्टर

## समय-सीमा की बैठक में हुई विभागीय कार्यों की समीक्षा

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।





कलेक्टर अजीत वसंत ने आज समय सीमा की बैठक में सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि जिले में कोई भी ईंट भट्ठा अवैध रूप से संचालित न हो। उन्होंने स्वीकृत रेतघाटों के अतिरिक्त होने वाले अवैध रेत उत्खनन पर भी कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर वसंत ने टीएल के संबंधित पत्र, विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन और अन्य गतिविधियों पर चर्चा की। कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड की समीक्षा करते हुए प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में होने वाले राखड़ परिवहन पर नजर रखने और नियम विरुद्ध राखड़ परिवहन करने पर संबंधित वाहन पर कार्यवाही के निर्देश एसडीएम, पर्यावरण अधिकारी,परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विभागों में डीएमएफ अंतर्गत मांगी गई जानकारी प्रस्तुत करने, निरस्त किये गए कार्यों और अप्रारम्भ कार्यों की राशि जमा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिले में कोई भी स्कूल भवन विहीन न हो और जो भी जर्जर स्कूल हैं उसकी मरम्मत अवश्य कराई जाए। उन्होंने ऐसे स्कूल भवन जो 15 साल से अधिक पुराने हैं और जर्जर हो चुके हैं ऐसे स्कूलों के लिए नए भवन हेतु डीएमएफके माध्यम से स्वीकृति प्रदान की जा सकती है। जिले में आवश्यकता वाले ऐसे स्कूलों को चिन्हित कर प्रस्ताव उपलब्ध कराएं। उन्होंने स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों में विद्युतीकरण, पहुंचमार्ग के लिए आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने समय.सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार के पात्र बेरोजगारों को आवश्यकतानुसार शिक्षक तथा चतुर्थ श्रेणी में रोजगार देने के निर्देश भी दिए। बैठक में स्कूली विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र, कॉलेज में इंडोर स्टेडियम, बालवाड़ी संचालन अविद्युतीकृत गांवों में विद्युतीकरण, मेडिकल कॉलेज में सीटी स्कैन तथा एमआरआई की सुविधा, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजनाए न्योता भोजन के संबंध में भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने सभी जनपद सीईओ को डीएमएफ अंतर्गत जारी राशि के विरूद्ध स्वीकृत कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों को योजनाओं से लाभान्वित करने विभागों द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने भू-अर्जन के प्रकरणों में रिकॉर्ड दुरूस्तीकरण के निर्देश एसडीएम सहित संबंधित विभागों को दिए। कलेक्टर ने लैंको तथा बाल्को द्वारा आईटी कॉलेज के शिक्षकों का वेतन भुगतान हेतु किए गए एमओयू का पालन कराने के संबंध में अपर कलेक्टर को आवश्यक निर्देश दिए। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जिला निगरानी समिति अंतर्गत बैठक की बिंदुओं से अवगत कराते हुए एसडीएम को निर्देशित किया कि सीमांकन रिपोर्ट समय पर उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कोर्ट में स्वास्थ्य विभाग को तंबाकू मुक्त का बोर्ड लगाने, एसडीएम को कटघोरा कोर्ट के सामने अतिक्रमण हटाने सहित अन्य निर्देश भी दिए। इस दौरान कटघोरा डीएफ ओ कुमार निशांत, जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा, निगम आयुक्त प्रतिष्ठा ममगाई सहित सभी अधिकारी उपस्थित थे।

प्रोजेक्ट लाईट फॉर लाइव

# हमर गांव हमर बिजली के तहत ग्राम मालीकछार में पहुंचा बिजली

## ग्रामीण पर्या विकास अनुसंधान समिति की पहल से मूलभूत सुविधाओं विहीन मालीकछार गांव जगमगाया

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

हमर गांव हमर बिजली सफलता पूर्वक उत्पादन शुरू कर दिया गया। यह एक साझा प्रयास है ऐसे गांव जो सुदूरवर्ती क्षेत्रों में है जहां ग्रिड से पावर जाना अभी संभव नहीं दिखता।







ऐसा ही एक गांव है मालिकछार जहां मूलभूत सुविधाओं की कमी है सड़क पानी और बिजली पांच किलोमीटर पैदल चलकर जाना होता है अपने सामुदायिक प्रयासों से पहाड़ों पर गांव वालों ने स्वयं बिना शासकीय सहयोग के मोटरसाइकिल और ट्रेक्टर जाने लायक सड़क का निर्माण किया है जहां बरसात के मौसम को छोड़कर जाया जा सकता है। ग्रामीण को बिजली मिले इसलिए ग्रामीण पर्या विकास अनुसंधान समिति द्वारा जून 2023 में चालू कर 17 फ रवरी 2024 से नियमित रूप से विद्युत उत्पादन चालू कर दिया गया है, और आज टर्बाइन से 1800 मीटर दूर मालिकछार गांव अंडरग्राउंड केबल तार से विद्युत पहुंच गया बहुत जल्दी गांव के सभी घरों में जिनकी संख्या 57 है और एक आंगनबाड़ी केंद्र व एक स्कूल जहां प्रत्येक घर में 5 बल्ब और पंखा टेलीविजन के लिए कनेक्शन जोड़ दिया जाएगा। पीछले वर्ष से लगातार समुदाय के लोगों के साथ बैठक आयोजित कर हमर गांव हमर बिजली पर सहमति बनी अब वो दिन आ ही गया जब गांव के लोगों का अपना पावर हाउस मूर्त रूप लेने लगा। पोरिया फ ाल माइक्रो-हाइड्रोपावर प्लांट के लिए फ्लो डिस्चार्ज 160 आईपीएस है जिसका साइट हेड 29 एम है और टर्बाइन चयन चार्ट के आधार पर, चयनित टरबाइन प्रकार क्रॉसफ्लो टर्बाइन तकनीक के अंतर्गत आता है। क्रॉसफ्लो टर्बाइन प्रौद्योगिकी में मध्यम श्रेणी में प्रवाह निर्वहन और शीर्ष के व्यापक मूल्य है जो उन्हें ऑफग्रिड ग्रामीण क्षेत्रों में सूक्ष्म जल विद्युत परियोजनाओं के लिए व्यापक रूप से उपयोग करने के लिए बनाते हैं। क्रॉसफ्लो टर्बाइनों को एक साधारण डिजाइन के साथ स्थानीय रूप से भी अनुकूलित किया जा सकता है जिसके परिणामस्वरूप रखरखाव लागत कम होती है इसलिए सूक्ष्म जलविद्युत परियोजना को टिकाऊ बनाता है। क्रॉसफ्लो टर्बाइन प्रौद्योगिकी में मध्यम श्रेणी में प्रवाह निर्वहन और शीर्ष के व्यापक मूल्य है जो उन्हें ऑफग्रिड ग्रामीण क्षेत्रों में आधार पर चयनित टरबाइन प्रकार क्रॉसफ्लो टर्बाइन तकनीक के अंतर्गत आता है। क्रॉसफ्लो टर्बाइन प्रौद्योगिकी में मध्यम श्रेणी में प्रवाह निर्वहन और शीर्ष के व्यापक मूल्य है जो उन्हें ऑफग्रिड ग्रामीण क्षेत्रों में सूक्ष्म जल विद्युत परियोजनाओं के लिए व्यापक रूप से उपयोग करने के लिए बनाते हैं। इस टरबाइन डिजाइन परियोजना को ग्रामीण पर्या विकास अनुसंधान समिति के प्रो. डीएस मालिया बताते हैं कि पोरिया धरमजयगढ़ और मालीकछार जिला कोरबा प्रोजेक्ट डेवलपमेंट और मेरे शोध अध्ययन के हिस्से के रूप में मैं स्वयं एवं प्रमोद चंदेल, गुलाब पटेल एवं आलोक, अभिषेक द्वारा वित्त पोषित किया गया है।

एक नजर

## सुने मकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाले आरोपी को चंद घंटो में किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

25 फरवरी को प्रार्थी रामचन्द्र धीवर निवासी मोहतराई का थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 15 फरवरी 2024 को प्रार्थी अपने घर में ताला लगाकर रिश्तेदार के घर में शादी कार्यक्रम में ग्राम पोंड़ी थाना सीपत चला गया था। 25 फरवरी 2024 को प्रार्थी का लड़का जो अलग रहता है, वह प्रार्थी को फ ोन कर बताया कि घर का ताला टुटा पड़ा है। तब प्रार्थी अपने घर वापस आकर देखा तो घर के अंदर रखे टीना के पेटी में रखे सोने चांदी के जेवर, टीव्ही रिसीवर,आधार कार्ड, भूमि संबंधी दस्तावेज,आयुष्मान कार्ड,बैंक पासबुक एवं नगदी रकम 26500 रूपये को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है। कि रिपोर्ट पर थाना रतनपुर में अपराध पंजीबद्ध कर त्वरित कार्यवाही करते हुये थाना प्रभारी रतनपुर के दिशा निर्देशन पर टीम गठित कर 26 फरवरी 2024 को संदेही विश्राम प्रसाद धीवर को अभिरक्षा में लेकर हिकमत अमली एवं कड़ाई से पुछताछ करने पर उक्त मशरूका को चोरी करना स्वीकार किया तथा चोरी गये नगदी रकम में से कुछ रकम खर्च करना बताने से आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी रतनपुर देवेश सिंह राठौर, सउनि चन्द्रकांत डहरिया,सत्यप्रकाश यादव आर.अजय भारद्वाज, कीर्ति पैंकरा,आशीष राठौर, रूपचंद विशेष भूमिका रही।






## प्राथमिक शाला मौहारी डीपा में किया गया न्यौता भोजन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।




शासकीय स्कूल के बच्चों में अतिरिक्त पोषण विकास के लिए प्रधानमंत्री पोषण शक्ति विकास योजना के तहत न्यौता भोजन का अयोजान शासकीय शालाओ में आयोजित करने के निर्देश दिये गये है, जिसमें जनसमुदाय से कोई भी व्यक्ति, समाज सेवी, समुदाय के लोग मध्यान्ह भोजन के साथ अतिरिक्त पोषण आहार स्कूल परिसर में खिला सकता है। इसी तारतम्य में न्यौता भोजन कार्यक्रम के अंतर्गत आज शासकीय प्राथमिक शाला मौहारी डीपा संकुल केंद्र कांशीचुआं रायगढ़ में प्रधानपाठक राजेन्द्र चौरसिया और जनप्रतिनिधि के सौजन्य से स्कूल के बच्चों को न्यौता भोजन कराया गया। विदित हो कि न्यौता भोजन के तहत विभिन्न त्योहारों और अवसरों जैसे जन्मदिन, शादी की वर्षगांठ, शादी, कोई धार्मिक आयोजन और अन्य राष्ट्रीय पर्व पर इसका आयोजन स्कूलों में किया जा सकता है और बच्चों को पौष्टिक स्वादिष्ट भोजन मध्यान्ह भोजन के साथ देकर खिलाया जा सकता है। इसके लिए सभी शासकीय शालाओं के प्राचार्यो और प्रधानपाठकों से संपर्क किया जा सकेगा। न्यौता भोजन का आयोजन सिर्फ स्कूल परिसर में ही आयोजित किया जा सकेगा। इस योजना के तहत समुदाय के लोग शालाओं में किचन के बर्तन भी प्रदान कर सकते है। न्यौता भोजन में मध्यान्ह भोजन के साथ-साथ स्थानीय खान-पान के अनुसार पौष्टिक भोजन जैसे फल, दूध, मिठाई, बिस्कुट, हलवा, चिक्की, अंकुरित अनाज, पूरी, खीर और विशेष कर हमारे छत्तीसगढ़ के मिलेट्स को सम्मिलित किया जा सकता है। शासकीय प्राथमिक शाला मौहारी डीपा संकुल केंद्र कांशीचुआं में न्योता भोजन कार्यक्रम में सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी रायगढ़ डीपी पटेल के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ जहां छात्र-छात्राओं को पूर्णकालिक पौष्टिक आहार वितरण किया गया। कार्यक्रम में एबीईओ रायगढ़ डी पी पटेल, भुवन पटेल, घनश्याम सिंह पटेल,चतुर्भुज पटेल, सीपी डनसेना एवं श्री आशीष रंगारी सहित सभी छात्र-छात्राओं ने स्वादिष्ट पौष्टिक भोजन का आनंद लिया।

## अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति ग्रामीण जिला कार्यकारिणी का विस्तार

अशोक भगत एवं रामकृष्ण पाठक उपाध्यक्ष बने

जोहार छत्तीसगढ़ - धरमजयगढ़।

अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति ग्रामीण जिला अध्यक्ष नारायण बाईन ने अपने कार्यकारिणी का विस्तार किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जिगनेश कालाबाड़िया के निर्देशानुसार एवं अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद शर्मा की सहमति से अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति जिला रायगढ़ ग्रामीण का गठन किया गया। संगठन का विस्तार करते हुए पदाधिकारियों का मनोनीत किया गया। जिसमें अशोक भगत जिला उपाध्यक्ष, रामकृष्ण पाठक जिला उपाध्यक्ष, नेहरू देवांगन जिला सचिव, चन्द्रशेखर जायसवाल कोषाध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य उमा यादव, बोध प्रसाद दुबे, आदित्य बाजपेयी, उमेश अग्रवाल को नियुक्त किया गया है। पत्रकारिता जगत से जुड़े लोगों ने सभी नयनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई शुभकामनाएं दी है।



अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति

असीम शुभकामनाओं सहित सादर संप्रेषित ...

क्रमांक- दिनांक- 24/02/2024

अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय जिगनेश कालाबाड़िया के निर्देशानुसार एवं अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के प्रदेशाध्यक्ष माननीय गोविन्द शर्मा की सहमति से अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति जिला रायगढ़ ग्रामीण का गठन किया गया। जिसमें संगठन का विस्तार करते हुए निम्न पदाधिकारियों का मनोनीत किया गया।

| क्र. | नाम | पदनाम | मो.नं. |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री अशोक भगत | जिला उपाध्यक्ष | 6263934676 |
| 2. | श्री रामकृष्ण पाठक | जिला उपाध्यक्ष | 7999314827 |
| 3. | श्री नेहरू देवांगन | जिला सचिव | 9926164877 |
| 4. | श्री चन्द्रशेखर जायसवाल | कोषाध्यक्ष | 9340765733 |
| 5. | कुमारी उमा यादव | कार्यकारिणी सदस्य | 7879121221 |
| 6. | श्री बोध प्रसाद दुबे | कार्यकारिणी सदस्य | 9302309442 |
| 7. | श्री आदित्य बाजपेयी | कार्यकारिणी सदस्य | 9424187962 |
| 8. | श्री उमेश अग्रवाल | कार्यकारिणी सदस्य | 9754121888 |

प्रतिलिपि:-

1. प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति छत्तीसगढ़

नारायण बाईन
जिला अध्यक्ष ग्रामीण
रायगढ़ (छ.ग.)

## बोरो की आदिवासी महिलाओं ने शराबबंदी को लेकर थाना प्रभारी से की मुलाकात

जोहार छत्तीसगढ़ - धरमजयगढ़।



विकासखंड धरमजयगढ़ अंतर्गत वनांचल गांव बोरो की आदिवासी महिलाओं ने थाना प्रभारी धरमजयगढ़ अमित कुमार तिवारी से मुलाकात की। जिसमें महिलाओं ने गांव में हो रहे अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने में सहयोग करने की मांग की। जिस पर थाना प्रभारी ने महिलाओ के प्रयास को सराहनीय कदम बताते हुए। हर समय मदद का आश्वासन दिया। प्रभारी ने कहा कि गांव में कोई भी व्यक्ति अवैध शराब बनाता है या बेचता है तो पुलिस को सूचित करें। पुलिस दिन रात जनता के सहयोग के लिए तत्पर है। जनसहयोग से ही अवैध शराब बिक्री पर रोक लग सकती है। बता दें कि ग्राम बोरो वनांचल एवं आदिवासी बाहुल्य गांव है। ऐसे में वहां की महिलाओं द्वारा शराबबंदी के प्रयास करना बहुत ही अच्छा कदम है। क्योंकि युवा वर्ग शराब के नशे में संलिप्त हो रहे हैं। जिसके कारण समाज में अनेक तरह के अपराध बढ़ रहे हैं। थाना पहुंचे महिलाओं के साथ गांव के जनप्रतिनिधिगण भी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत् कार्याशाला का आयोजन 29 फरवरी को

पत्थलगांव के अग्रसेन भवन में आयोजित होगा कार्यशाला, रायपुर के विशेषज्ञ देगें योजना की जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर। जिला व्यापार एवं उद्योग विभाग द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत् जागरूकता हेतु कार्याशाला का आयोजन 29 फरवरी 2024 को दोपहर 12 बजे से पत्थलगांव के अग्रसेन भवन में आयोजित किया जा रहा है। जिला व्यापार एवं उद्योग विभाग के महाप्रबंधक ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत् रायपुर से आए विशेषज्ञों द्वारा जिले के स्व सहायता समूहों, उद्यमियों, संभावित लाभार्थियों को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करने के संबंध मेंए विदेश निर्यात करने के संबंध में एवं उद्योग विभाग द्वारा संचालित अन्य योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। साथ ही उद्योग स्थापित करने हेतु हितग्राहियों को कार्यशाला में जागरूक किया जाएगा। विभाग द्वारा योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु हितग्राहियों को कार्यशाला में आकर लाभ लेने हेतु अपील की गई है।

## दीया दिल्ली के वार्षिक आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे-वित्त मंत्री ओपी चौधरी

* दिल्ली स्थित दौलत राम कॉलेज ऑडिटोरियम में ओपी चौधरी देश भर के युवाओं को हार के आगे जीत है

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



रायगढ़ विधायक एवम छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी दीया दिल्ली के वार्षिक सम्मेलन युवा अभ्युदय 2024 में बतौर मुख्य अतिथि आगामी 3 मार्च को शामिल होंगे। यह आयोजन दिल्ली स्थित दौलत राम कॉलेज ऑडिटोरियम में होगा। दीया दिल्ली द्वारा अपनी अधिकृत सोशल साइट के जरिए ओपी चौधरी के बतौर मुख्य अथिति शामिल होने की जानकारी देश भर के युवाओं को दी है। दीया दिल्ली के वार्षिक कार्यक्रम युवा अभ्युदय 2024 का उद्देश्य सिविल सर्विसेज सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं को प्रगतिशील एवम उन्नत शील दिशा की जानकारी देना है। बेहतर सोच बेहतर के जरिए बेहतर कर्म और बेहतर संगति के जरिए कैसे युवा अपने लक्ष्य को आसानी से हासिल कर सकते है। दीया दिल्ली ने इस आयोजन में नि:शुल्क पंजीयन के लिए देश भर के युवाओं के लिए पंजीकरण लिंक उपलब्ध कराया है। दीया दिल्ली देश भर के ऐसे दिव्य महामानव को इस मंच के जरिए विचार रखने के लिए आमंत्रित करता है जिन्होंने अपने व्यक्तित्व की उत्कृष्टता से जीवनी की श्रेष्ठता से विश्वस्तरीय पद हासिल कर आम जनमानस को बदलाव के लिए प्रेरित किया है। छत्तीसगढ़ राज्य में रायगढ़ के विधायक ओपी चौधरी कलेक्टर की सेवा छोड़कर राजनीति में सिर्फ इसलिए शामिल हुए ताकि प्रदेश में बदलाव की अनुकरणीय मिशाल पेश कर सके। राजनीति में आने के कुछ महीनो बाद ओपी चौधरी ने पहला चुनाव ऐसे जगह से लड़ा जहां से भाजपा ने आजादी के बाद कभी जीत हासिल नही की। उनकी हार के चर्चे जीत से कही ज्यादा थे। उनकी हार ने इतिहास रचा और दो माह पूर्व रायगढ़ में हुए चुनाव में उन्होंने एतिहासिक मतों से जीत हासिल की। ओपी चौधरी जहां भी जाते है नया इतिहास रचते है। खरसिया से हराने के बाद ओपी चौधरी ने अनुभव के साथ शुरुवात की और सक्रिय राजनीति के साथ साथ वे उन्नत खेती के गुर सिखाते रहे इसके अलावा समय समय पर युवाओं को मोटी वेशनल स्पीच के जरिए प्रेरित करते रहे। प्रदेशभर के युवा ओपी चौधरी की विचारधारा से प्रभावित हो रहे है। बतौर वित्त मंत्री उनकी कार्यशैली ने आम जनमानस को प्रभावित भी किया है।

## एक माह बाद भी मंगला क्लाथ के चोरों का नहीं लगा सुराग

व्यापारी निराश,पुलिसिंग पर सवाल

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

*शहर के सबसे पॉश मार्केट सुभाष चौक मे संचालित बड़े वस्त्र शोरुम मंगला क्लाथ में हुई चोरी की वारदात को एक माह गुजर जाने के बावजूद जहां पुलिस अब तक लकीर ही पीट रही हैं वहीं पीड़ित व्यापारी कोतवाली के चक्कर लगाकर निराश हो चुका है।*







प्रार्थी पक्ष के मुताबिक उन्हें हर बार धरपकड़ की कोशिश जारी रखने का आश्वासन देकर थाने से लौटा दिया जाता है। चूंकि मामला करीब 7 लाख की चोरी का है इसलिए मंगला क्लाथ के संचालक विवेक और आशीष अग्रवाल की नींद उड़ी हुई है।

गौरतलब है कि शहर में लॉ एंड ऑर्डर में सुधार करने की भले ही कोशिश जारी है लेकिन हालात खराब होते जा रहे हैं। क्राइम पर लगाम लगाने के लिए पुलिस के बड़े अफ सरों के तबादले कर नए अफ सरों की तैनाती की जा रही है लेकिन अपराध नहीं रुक रहा है। शहर समेत जिले भर में हौसला बुलंद दबंग,बदमाश और पेशेवर अपराधी,तस्कर,भू-माफि या खुलेआम अपराध का परचम लहरा रहे हैं। चोरी,लूट,छिनैती तथा डकैती का शिकार हो चुके लोग तहरीर के लिए चौकी,थानों तक थक हार कर न्यायालय की चौखट का चक्कर लगा रहे हैं। वहीं पुलिस का ज्यादा एक्शन अन्य अपराधों के नियंत्रण व आपराधिक गिरफ्तारी से ज्यादा शराब कोचियों की धरपकड में नजर आ रहा है। सूत्र बताते हैं कि कानून की निगाह में धूल झोकते हुए पुलिसकर्मी न सिर्फ किसी भी बेबस,लाचार,शरीफ ,इज्जतदार, व्यापारी,व्यवसायी आदि को फ र्जी आरोपी बनाकर अपनी पीठ थपथपा रहे हैं बल्कि आला अधिकारियों के रहमो करम पर पुलिसकर्मी किसी भी व्यक्ति के घर, मकान अथवा प्रतिष्ठान में अपराधियों की तरह लालफ ीताशाही की आड़ में खुलेआम दिनदहाड़े जुर्म ढाते हुए उच्चतम न्यायालय और मानवाधिकार आयोग की धज्जियां उड़ाकर अपराध की पराकाष्ठा को बेखौफ होकर लांघते नजर आ रहे हैं। इन बदतर हालातों को दुरुस्त करने जिले में पुलिस कप्तान की बदली की गई लेकिन पुलिसिंग मे आपेक्षित बदलाव की उम्मीद अभी भी पूरी नहीं हुई है।बहरहाल मामला शहर के मध्य सबसे व्यवस्तम मार्ग में स्थित एक कपड़ा दुकान में बीते 29 जनवरी को हुई चोरी की वारदात से जुड़ा है। प्रार्थी के मुताबिक अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर दुकान से 7 लाख से अधिक की रकम के अलावा दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी लेकर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम डॉग स्वायड के साथ मौके पर पहुंचकर चोरों की पतासाजी की लेकिन एक माह का समय गुजर जाने के बाद भी अब तक पुलिस को कोई महत्वपूर्ण सुराग तक हाथ ना लगना शहर की मुस्तैद पुलिसिंग पर सवाल खड़े कर रहा है। दूसरी तरफ पुलिस भी वारदात को हर एंगल से देखते हुए मंगला क्लाथ के चोरों तक पंहुचने की कोशिश में लगी हुई है। पुलिस के साइबर डिपार्ट से लेकर सारे स्क्वायड टीम बनाकर मामले की तफ्तीश में लगे जरूर हैं किंतु एक माह बाद भी सफ लता न मिलना कई तरह के सवाल खड़े कर रहा है। इसी कड़ी में दो तीन दिन पूर्व नव नियुक्त युवा एसपी ने घंटों बैठकर सिटी कोतवाली थाने मे पुलिस वालों की जमकर क्लास ली थी। घटना स्थल सदर बाजार मंगला क्लाथ से बामुशिकल 200 मीटर की दूरी पर सिटी कोतवाली और उतनी ही दूरी पर एसपी कार्यालय। बावजूद इसके चोरों की कामयाबी युवा कप्तान की प्रतिष्ठा पर प्रश्न चिह्न लगा रहा है। जिस एस आई को बिबेचना की जिम्मेदारी सौंपी गई है उनकी जानकारी ली गई तो पता चला अवकाश पे हैं। ऐसे में सारी जबाबदेही टी आई की बनती है।

> "मंगला क्लाथ में हुई चोरी की वारदात में पुलिस की सर्चिंग जारी है। हर एंगल से घटनाक्रम की जानकारी लेकर क्लू एकत्र किये जा रहे हैं। डॉग स्क्वायड को भी लगाया गया है। जल्द ही आरोपी भी पकड़े जाएंगे।
> शनिप रात्रे,टीआई, सिटी कोतवाली

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in